15- APR- K&C- MAIN- Pg- 1_page1.qxd 4/16/2024 12:41 AM Page 1

बिलासपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



अंबा मंदिर रायपुर में सप्तमी पर महाआरती

» सोमवार रात्रि 11 बजकर 9 मिनट से प्रारंभ हो चुका है धृति योग

» अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:55 से लेकर दोपहर 12:47 बजे तक

### हवन आज और कल

जिन घरों में अष्टमी की पूजा करके व्रत खोले जाते हैं, वे इसी दिन हवन और कन्या पूजन भी करते हैं। महाअष्टमी पर हवन और कन्या पूजन करने के लिए वैसे तो पूरा दिन ही शुभ है। लेकिन अष्टमी पूजा के लिए अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:55 से लेकर दोपहर 12:47 मिनट तक है। कुछ मंदिरों में हवन अष्टमी तिथि पर किया जाएगा तो वहीं कुछ मंदिरों में हवन नवमी तिथि पर होगा।

# दुर्गाष्टमी पर सर्वार्थसिद्धि व रवि संग धृति योग अभिजीत मुहूर्त सिर्फ 52 मिनट, सुबह से कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

9 अप्रैल से प्रारंभ हुई नवरात्रि का बुधवार को अंतिम दिन है। इससे पहले अष्टमी तिथि को बेहद खास माना जाता है, इसलिए इसे महाअष्टमी भी कहते हैं। इस साल की चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि बहुत खास है, क्योंकि अष्टमी पर कई शुभ योग बन रहे हैं। इन शुभ योगों में मां दुर्गा की पूजा-उपासना लाभ देने वाली होगी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सुबह 7:51 मिनट से कन्या पूजन

16 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 51 मिनट से लेकर 10 बजकर 41 मिनट तक कन्या पूजा के लिए शुभ मुहूर्त रहेगा। वहीं जो लोग दोपहर को कन्या पूजन करना चाह रहे हैं, वे 01 बजकर 30 मिनट से लेकर 02 बजकर 55 मिनट तक कन्या पूजन कर सकते हैं। 17 अप्रैल को महानवमी है। इस दिन सुबह 6 बजकर 27 मिनट से लेकर 7 बजकर 51 तक कन्या पूजन कर सकते हैं। दोपहर को अगर कन्या पूजन करना चाहते हैं तो 01 बजकर 30 मिनट से लेकर 02 बजकर 55 मिनट किया जा सकता है।

| रायपुर के प्रमुख मंदिर | हवन का समय |
|---|---|
| मां महामाया मंदिर | सुबह 10 बजे |
| दंतेश्वरी मंदिर | सुबह 11 बजे |
| रावांभाठा बंजारी मंदिर | सुबह 8 बजे |
| बूढ़ेश्वर चौक मां शीतला माता | सुबह 10 बजे |
| आकाशवाणी महाकाली मंदिर | शाम 4 बजे |

### छग के देवी मंदिरों में हवन-पूजन

| | |
|---|---|
| मां बम्लेश्वरी, डोंगरगढ़ | सुबह 9.30 बजे से |
| मां दंतेश्वरी, दंतेवाड़ा | सुबह 9 बजे से |
| मां महामाया, रतनपुर | दोपहर 2 बजे से |









बृजमोहन की नामांकन रैली में उमड़ा जनसैलाब, सरगुजा में कांग्रेस प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

# नामांकन में झोंकी ताकत, रायपुर बृजमोहन दुर्ग में बघेल और राजेंद्र ने दिखाया दम

*चुनावी घमासान के बीच सोमवार को रायपुर, दुर्ग, सरगुजा लोकसभा सीट के लिए भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ ताकत झोंकी। रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल की रैली में खासी भीड़ उमड़ी। रायपुर, दुर्ग में दोनों दलों के प्रत्याशियों ने रैली, सभा की, जहां नेताओं ने विरोधियों पर जमकर हल्ला बोला।*

### बृजमोहन की सभा में दिखी समर्थकों की भीड़, प्रदेशभर से पहुंचे भाजपाजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर की जनसभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव बड़ा महत्वपूर्ण चुनाव है। यह नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। पीएम सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए काम कर रहे हैं। इसीलिए हमें भी केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए रायपुर लोकसभा से अपराजेय योद्धा बृजमोहन अग्रवाल को 8 लाख से अधिक वोटों से जिताना है।

श्री साय ने कहा, 5 वर्ष पहले कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने सत्ता सौंपी थी, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और घोटालों के नये रिकॉर्ड बनाए हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### झूठ बोलने वाली कांग्रेस को सबक सिखाना है : साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, इंदिरा गांधी के जमाने से कांग्रेस गरीबी हटाने का नारा देकर जनता को बेवकूफ बना रही है अब राहुल गांधी ने फिर एक झटके में गरीबी हटाने की बात की है। झूठ का कारोबार करने वाली ऐसी कांग्रेस को सबक सिखाना है। कांग्रेस के पास न ट्रैक रिकार्ड है न आगे का विजन है, न नेतृत्व है न संगठन जबकि भाजपा के पास विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी हैं।

### मोदी हैं विकास की गारंटी : किरण देव

किरण देव ने कहा, नरेन्द्र मोदी 10 वर्षों से लगातार काम कर रहे हैं। मोदी हैं तो विकास की गारंटी है, मोदी हैं तो विश्वास की गारंटी है, मोदी हैं तो सुरक्षा की गारंटी है और मोदी हैं तो गांरटी पूरी होने की गारंटी हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ने तो 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और घोटालों के रिकॉर्ड बना डाले।

### अब लोकसभा में रिकॉर्ड तोड़ना है : बृजमोहन

भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता ने 23 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है, उसी तरह आगामी लोकसभा चुनाव में भी हमें सारे रिकॉर्ड तोड़ने हैं। रायपुर से यह संदेश नरेन्द्र मोदी को जाना चाहिए की छत्तीसगढ़ की 11 की 11 सीटें जीत रहे है।

## नामांकन के बहाने भाजपा कांग्रेस ने दिखाई ताकत





- सीएम साय ने कहा- सांय-सांय पूरी हो रही मोदी की गारंटी
- भूपेश ने कहा - काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती किया कांग्रेस ने जीत का दावा

दुर्ग। सोमवार का दिन दुर्ग में भाजपा और कांग्रेस के बीच शक्ति प्रदर्शन का रहा। लोकसभा के लिए नामांकन रैली के बहाने दोनों दलों ने जोरअजमाइश की। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल का नामांकन दाखिल कराने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय सहित तमाम दिग्गज पहुंचे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के नामांकन रैली में उत्साह भरने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व केबिनेट मंत्री रवींद्र चौबे सहित कांग्रेस के आला नेता भी आए। मानस भवन दुर्ग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अलग अंदाज में नामांकन ▶▶|शेष पेज 7 पर

### गंज मंडी में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता

दुर्ग स्थित पुराना गंजमंडी में कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट हुए। गंजमंडी में सभा को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल में केंद्र की मोदी सरकार ने जनता को छलने का काम किया है। लेकिन इस बार जनता किसी छलावे में नहीं आएगी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि दुर्ग लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू, पाटन विधानसभा चुनाव में मुख्य चुनाव संचालक रहे और राजेंद्र के नेतृत्व में पाटन के ▶▶|शेष पेज 7 पर

### कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने निकाली रैली



अम्बिकापुर। नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत दूसरे दिन कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने चैत्र नवरात्रि के सप्तमी पर मां महामाया के दर्शन उपरान्त नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस द्वारा शहर में विशाल रैली निकाली गई। कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन रैली में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल हुए।

### धर्म स्थलों में आशीर्वाद लेकर भरा नामांकन

सोमवार को सप्तमी के विशेष मुहूर्त पर कांग्रेस की सांसद प्रत्याशी शशि सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने चर्च, गुरुद्वारा, जैन मंदिर, तकिया मजार, महामाया मंदिर, समलाया मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। कांग्रेस की नामांकन रैली महामाया मंदिर से प्रारंभ हुई। महामया रोड, देवीगंज रोड, संगम चौक, घड़ी चौक होते हुए रैली कलेक्टोरेट परिसर पहुंची जहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों के आरक्षण को लेकर जनहित याचिका पेश

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने दिव्यांगों के आरक्षण को लेकर पेश जनहित याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। इस बीच हाईकोर्ट की स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में आरक्षण के इस मुद्दे पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा। अधिवक्ता सुमित सिंह राठौर ने एक जनहित याचिका पेश कर शासकीय सेवा में विकलांगों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान का पालन नहीं होने की बात कही है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण शुरू

जम्मू। वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया। यात्रा का परमिट प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां निर्दिष्ट बैंक शाखाओं में पहुंचे। 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर की 52 दिवसीय यात्रा 29 जून से शुरू होगी।



### पतंग लूटते दो बच्चे ट्रेन की चपेट में आए, मौत

बरेली। बरेली जिले के गांव मिलक रोठा रेलवे के खंभे पर अटकी पतंग को उतारने के दौरान दो बच्चे ट्रेन की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना सीबीगंज पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों ही बच्चों के शव की शिनाख्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



### अमानतुल्ला की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आप के विधायक अमानतुल्ला खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। उन पर दिल्ली वक्फ बोर्ड में कथित अनियमितताओं से संबंधित आरोप लगे हैं। पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले में की गई कुछ टिप्पणी से असहमति जताई।



## जग्गी हत्याकांड के दो शूटरों का कोर्ट में सरेंडर, पांच को तीन हफ्ते की मोहलत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो दशक पूर्व प्रदेश की राजनीति में भूचाल लाने वाले चर्चित रामअवतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट द्वारा 27 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखे जाने के बाद सोमवार को दो आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया। सरेंडर करने वालों में शूटर चिमन सिंह तथा विनोद राठौर के नाम शामिल हैं। घटना में शामिल पांच ▶▶|शेष पेज 7 पर

- शूटर चिमन सिंह विनोद राठौर ने किया सरेंडर

### सरेंडर नहीं करने वालों के खिलाफ वारंट

हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद जिन दो लोगों ने कोर्ट में समर्पण किया है और जिन पांच लोगों को सरेंडर करने मोहलत मिली है, उनको छोड़ अन्य सरेंडर नहीं करने वाले आरोपी अभय गोयल, फिरोज सिद्दीकी, अवनीश सिंह लल्लन, सुनील गुप्ता, राजू भदौरिया, अनिल पचौरी, रविंद्र सिंह, रवि सिंह, लल्ला भदौरिया, धर्मेंद्र, सत्येंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह परिहार, संजय सिंह कुशवाहा, राकेश कुमार शर्मा, जबवंत, विश्वनाथ राजभर के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट के आर्डर की कॉपी नहीं आने की वजह से निचली अदालत ने सुप्रीम कोर्ट से राहत पाने वाले पांचों आरोपियों के खिलाफ भी नोटिस जारी किया है।

### यह था पूरा मामला

पेशे से कारोबारी राम अवतार जग्गी विद्याचरण शुक्ल के साथ कांग्रेस छोड़ने के बाद एनसीपी में शामिल हो गए थे। 4 जून 2023 को एनसीपी की बैठक में शामिल होने के बाद देर शाम लौट रहे थे। उसी दिन मौदहापारा थाना के करीब बदमाशों ने राम अवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद बवाल होने पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई।

### राहत नहीं मिल सकती : सतीश जग्गी


हाईकोर्ट के फैसला सुनाए जाने के बाद आरोपियों को सरेंडर करने के आदेश जारी होने के बाद सतीश जग्गी सोमवार को रायपुर जिला न्यायालय पहुंचे। कोर्ट पहुंचे जग्गी ने कहा कि आरोपियों को 10-11 अप्रैल को सरेंडर करना था। आरोपियों के सरेंडर करने की जानकारी मिलने पर सतीश जग्गी अपने वकीलों के साथ कोर्ट पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ▶▶|शेष पेज 7 पर

## केवल 45 मिनट का फ्यूल है, खराब मौसम के बीच विमान में अनाउंसमेंट, यात्रियों के उड़े होश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में खराब मौसम के बीच एक विमान में सवार यात्रियों के होश तब उड़ गए जब पायलट ने अनाउंस किया कि विमान में केवल 45 मिनट का ईंधन बचा है। हालांकि राहत की बात यह रही कि 75 मिनट बाद विमान को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सकुशल उतार लिया गया। विमान में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा में कार्यरत डीसीपी सतीश कुमार भी सवार थे। उन्होंने एक्स पर इसे खौफनाक अनुभव शेयर किया है। साथ ही डीजीसीए से इसकी जांच कराने की मांग की है।

- दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के डीसीपी ने शेयर किया अनुभव




### चंडीगढ़ एयरपोर्ट की सूचना से घबराहट


डीसीपी सतीश कुमार ने बताया इस दौरान उसने यह भी सूचित किया कि विमान में 45 मिनट का ईंधन है। पायलट ने जैसे ही यह अनाउंस किया विमान में सवार लोगों के होश उड़ गए। यही नहीं पायलट ने यह भी बताया कि वह फ्लाइट को चंडीगढ़ एयरपोर्ट की ओर ले जा रहा है। डीसीपी ने यह भी बताया कि पायलट को आगे फैसला लेने में भी काफी समय बर्बाद हो गया। उन्होंने बताया कि एक समय पर फ्लाइट नीचे उतरी और रनवे के करीब टर्न हो गई तब घबराकर मैंने अपने परिवार के लिए संदेश लिखना शुरू किया।

## मीसाबंदियों को सम्मान निधि मिलने का रास्ता हुआ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

राज्य शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर एसएलपी (विशेष अनुमति याचिका) को वापस लेने के साथ ही अब मीसाबंदियों को सम्मान निधि मिलने का रास्ता भी साफ हो गया है। वर्तमान में प्रदेश में 350 मीसाबंदी हैं जिनको सम्मान निधि का लाभ मिलेगा। वर्ष 2018 में राज्य की सत्ता में कांग्रेस की वापसी के बाद राज्य शासन ने लोकनायक जयप्रकाश ▶▶|शेष पेज 7 पर

- राज्य शासन ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को लिया वापस



### सुप्रीम कोर्ट में दी गई थी चुनौती

हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर कर चुनौती दी थी। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। राज्य की सत्ता में वापसी के बाद भाजपा ने कांग्रेस सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश को वापस लेने के साथ ही पूर्व में जारी अध्यादेश को प्रभावशील कर दिया है। इस ▶▶|शेष पेज 7 पर

प्रधानमंत्री ने जनता के सामने रखा अपना 'साल 2047' का विजन

# पीएम मोदी बोले- मेरा 100 दिन का रोडमैप तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पहले चरण की वोटिंग होने में महज 4 दिन का वक्त बचा है। इसके पहले आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूज एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि उन्होंने चुनाव से पहले ही अगले 100 दिनों के विकास का रोडमैप तैयार कर रखा है।

पीएम मोदी से सवाल पूछा गया कि अभी चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग भी नहीं हुई है लेकिन उन्होंने अगले कार्यकाल के 100 दिनों के प्लान को कैसे तैयार कर लिया है। इसको लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव की वजह से देश का काम नहीं ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ईडी कर रही बेहतर काम

पीएम मोदी ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को लेकर भी बात की. प्रधानमंत्री ने कहा कि ईडी बेहतरीन काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि एजेंसी के 97फीसदी केस ऐसे लोगों पर हैं, जो राजनीति में शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से दर्ज सिर्फ 3 फीसदी केस राजनीति से जुड़े लोगों के खिलाफ है। पीएम ने यह भी बताया कि ईडी और सीबीआई से जुड़े कोई भी कानून बीजेपी के शासनकाल के दौरान नहीं आए हैं।



### संस्कार में होना चाहिए लोकतंत्र

इसी इंटरव्यू के दौरान पीएम मोदी ने ने लोकतंत्र को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के 100 साल भारत में एक प्रेरणा जगनी चाहिए। दूसरा है 2024, ये जो चुनाव का क्रम है, वो आया हुआ क्रम है। ये दूसरी चीज है। लोकतंत्र में चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए. इसे उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव का माहौल अगर हम लोकोत्सव में बदल दें तो यह संस्कार बन जाएगा। लोकतंत्र हमारी रगों में और हमारे संस्कार में होना चाहिए।

### दस साल का काम था बस एक ट्रेलर

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले चुनाव में भी हमने ऐसा ही किया था। उन्होंने कहा कि 2019 में बीजेपी की सरकार बनने के बाद हमने 100 दिनों में ही अनुच्छेद 370 को हटाने से लेकर तीन तलाक को खत्म करने के काम किए थे। कुछ इसी तरह हम चुनाव के पहले अधिकारियों को 100 दिन का रोडमैप दे चुके हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान यह भी कहा कि पिछले दस साल में जो भी काम हुए वो तो बस एक ट्रेलर ही थे और अभी सरकार को कई बहुत बड़े-बड़े काम करने हैं।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से रेलवे डॉरमेट्री के 22 कमरे फुल, अब यहां भी टिकट की तरह एडवांस में बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेनों के विलंब होने से एक तरफ यात्री परेशान हैं, तो वहीं दूसरी ओर रेलवे को इससे रोज बड़ा मुनाफा हो रहा है। ट्रेनों की लेटलतीफी से रायपुर स्टेशन में डॉरमेट्री की बुकिंग और मांग बढ़ गई है, जिससे मंडल को रोजाना हजारों रुपए का फायदा हो रहा है।

आलम यह है कि डॉरमेट्री में यात्री टिकट की तरह लंबी वेटिंग चल रही है। ट्रेन के लेट होने से अब कई यात्री डॉरमेट्री में अपनी रात बिता रहे हैं। ज्यादातर यात्री ऑनलाइन कमरे की बुकिंग करवा रहे हैं। इस वजह से अब डॉरमेट्री में तत्काल में यात्रियों को एसी और नॉन एसी रूम मिलना मुश्किल हो गया है। जानकारी के मुताबिक डॉरमेट्री में एसी के 14 रूम हैं और नॉन एसी 7 और सिंगल बेड सहित 22 से अधिक कमरे हैं, जो बीते महीनेभर से फुल चल रहे हैं।

### डॉरमेट्री में वेटिंग जैसी स्थिति

बीते तीन महीने से ट्रेनों की लेटलतीफी बढ़ गई है। लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेन 5 से 10 घंटे देर से चल रही है। यात्री स्टेशन तो अपने समय पर पहुंच जाते हैं, लेकिन रात की ट्रेन सुबह आती है। इस वजह से डॉरमेट्री में अब वेटिंग जैसी स्थिति बन चुकी है। कमरे की बुकिंग के लिए यात्रियों को इंतजार करना पड़ रहा है। एक रूम 12 घंटे के लिए यात्रियों को मिलता है। बुकिंग फुल चलने से यहां भी यात्रियों को तत्काल में रूम नहीं मिल रहा है। इस वजह से अब डॉरमेट्री में यात्री रेलकर्मी के पास एडवांस में बुकिंग करवा रहे हैं, ताकि रूम खाली होने से उन्हें तुरंत रूम मिल सके।




ट्रेन के साथ अब यात्रियों को कमरे की बुकिंग के लिए करना पड़ रहा इंतजार

### ऑनलाइन बुकिंग भी

रेलवे डॉरमेट्री का यात्री आराम करने व रात गुजारने के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं। कई यात्री ऑनलाइन रूम बुक करवा रहे हैं।

- सीएस महापात्रा, स्टेशन डायरेक्टर

### चलती ट्रेन से यात्री कर रहे ऑनलाइन बुकिंग

सामान्य दिनों में डॉरमेट्री की बुकिंग फुल नहीं होती थी, लेकिन ट्रेनों के विलंब होने से अब अचानक से मांग बढ़ गई है। ज्यादातर लोग रेलवे का रूम किराए पर ले रहे हैं। कनेक्टिंग ट्रेन के यात्री ऑनलाइन ही डॉरमेट्री बुकिंग करवा रहे हैं। प्रतिदिन डॉरमेट्री से मंडल को 20 से 30 हजार का फायदा किराए से हो रहा है। सिंगल बेड का शुल्क 100 रुपए निर्धारित है, वहीं एसी में 200 और एसी रूम डबल बैड को 780 व बिना एसी 400 रुपए किराया लगता है।

### 1 घंटे से लेकर 48 घंटों तक की बुकिंग

यात्रियों के लिए रिटायरिंग रूम की सुविधा देश के लगभग सभी बड़े रेलवे स्टेशन पर मौजूद है। इन रिटायरिंग रूम की बुकिंग और रिजर्वेशन स्लॉट को आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर चेक किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक यात्री 1 घंटे से लेकर 48 घंटों तक की बुकिंग कर सकते हैं। इसके अलावा, इन रूम को आरएसी और कन्फर्म टिकट पर भी बुक किया जा सकता है। केवल वेटिंग लिस्ट टिकट पर इन रूम्स की बुकिंग नहीं की जा सकती। ऑफलाइन रिजर्वेशन के लिए रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर भी इससे जुड़ी जानकारी ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री को बाबा आंबेडकर की तस्वीर भेंट कर किया सम्मान

**रायपुर।** आंबेडकर अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने राजधानी रायपुर की 134 झुग्गी बस्तियों और बीएसयूपी कॉलोनियों में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भारत के संविधान की रक्षा और संविधान के पालन करने का संकल्प लिया। इस दौरान घड़ी चौक स्थित आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में सामाजिक नेता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव को डॉ. आंबेडकर की तस्वीर भेंटकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, बाबा साहेब आंबेडकर एक महान युगपुरुष, जिन्होंने समाज के दबे, कुचले, पिछड़े, शोषित समाज के लोगों को सामाजिक न्याय और सामाजिक समानता दिलाने का काम किया। उन्होंने समाज सुधार और समाजसेवा में अपना जीवन लगा दिया।

### मोदी की राजनांदगांव धमतरी में 19 या 22 को आमसभा संभव

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर 19 या 22 अप्रैल को छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। दूसरे चरण के लिए तीन सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी की राजनांदगांव और कांकेर लोकसभा के धमतरी में सभा कराने की तैयारी है। दोनों स्थानों पर जोरदार तैयारी चल रही है। अभी फाइनल तिथि तय नहीं हुई है। वैसे प्रदेश संगठन ने पीएमओ से पांच और सभाओं के लिए अनुमति मांगी है। तीसरे चरण में ज्यादा सभाएं होंगी। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छत्तीसगढ़ में पहली सभा आठ अप्रैल को बस्तर लोकसभा के कोंडागांव के भानपुरी के छोटे आमाबाल गांव में हुई है।

## 31 मार्च के बाद टैक्स जमा करने पर 6 फीसदी पेनाल्टी

# राजस्व महकमे को मिली थी 250 करोड़ की डिमांड, वसूली हुई 285 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे को पिछले साल 250 करोड़ के डिमांड के विरुद्ध 285 करोड़ का राजस्व मिला है। यानी टारगेट से 35 करोड़ रुपये ज्यादा की वसूली हुई। 31 मार्च तक बकाया कर जमा नहीं करने वाले करदाताओं से निगम अब 6 फीसदी सरचार्ज के साथ बकाया टैक्स की वसूली करेगा। जिन बड़े बकायादारों ने 31 मार्च तक नगर निगम को बकाया कर का भुगतान नहीं किया है, उन्हें सरचार्ज के साथ नये वित्तीय वर्ष में डिमांड बिल भेजकर बकाया राजस्व की वसूली की जायेगी। नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में पिछले बार के वित्तीय वर्ष की वसूली से 60 करोड़ रुपये ज्यादा की राजस्व वसूली हुई है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा नगर निगम के 10 जोन को 70 वार्डो से 250 करोड़ राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया था। निगम के राजस्व विभाग ने निर्धारित लक्ष्य को पार कर 285 करोड़ की राजस्व वसूली का रिकार्ड बनाया। ऐसे बड़े बकायादार जिन्होंने 31 मार्च तक बकाया राजस्व का भुगतान नगरनिगम को नहीं किया है, उनका जोनवार डाटा मंगाया जा रहा है। इन्हें नये वित्तीय वर्ष की शुरुआत में सरचार्ज के साथ डिमांड बिल भेजा जायेगा।

- नये वित्तीय वर्ष का संपत्ति कर जून तक जमा करने पर सवा छह फीसदी मिलेगी छूट



### 30 करोड़ का यूजर चार्ज वसूल

डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के बाद नागरिकों से यूजर चार्ज वसूली के मामले में निगम ने इस बार सफलता पाई है। 1 मई 2023 से 31 मार्च 2024 तक 30 करोड़ का यूजर चार्ज वसूल किया गया। राजस्व विभाग के अधिकारियों का कहना है, अभी इसमें और मेहनत की जरूरत है।

### 10 हजार खुली भूमि से नहीं हो पाई टैक्स वसूली

10 हजार खुली भूमि से टैक्स वसूली के मामले में सामान्य सभा में हुये निर्णय के बावजूद बकाया टैक्स पर चक्रवृद्धि ब्याज के बदले केवल 2 साल का टैक्स लेने के मामले में शासन का निर्णय नहीं आ पाया। जबकि नगर निगम ने इसके लिये फरवरी माह में ही सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित होने के बाद इसकी स्वीकृति के लिये शासन के पास प्रस्ताव भेज दिया था। इसी प्रकार 25 हजार मिसिंग प्रापर्टी की रसीदें इस बार भी नहीं कट पाई, क्योंकि निगम के पास संबंधित मिसिंग प्रापर्टी के रिकार्ड ही नहीं हैं। जीआईएस सर्वे के बाद शहरभर में 25 हजार मिसिंग प्रापर्टी को चिन्हांकित किया गया था, निगम प्रशासन आज तक संबंधित प्रापर्टी होल्डर तक नहीं पहुंच पाया।

### एडवांस में टैक्स जमा करने पर 6.25 फीसदी छूट

नये वित्तीय वर्ष में करदाताओं की सुविधा के लिये राजस्व विभाग ने वर्ष 2024-25 के टैक्स जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोगों को समय पर करों का भुगतान के लिये प्रेरित करने अप्रैल से जून तक संपत्ति कर का अग्रिम भुगतान करने वालों को 6.25 फीसदी छूट मिलेगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से करदाता अपनी सुविधा अनुसार नगर निगम के करों का भुगतान कर सकता है। जुलाई से सितंबर तक 4 फीसदी और अक्टूबर से दिसंबर तक टैक्स जमा करने पर 2 फीसदी छूट मिलेगी।

# रायपुर स्मार्ट सिटी के आधा दर्जन प्रोजेक्ट अधूरे जून से पहले काम पूरा करने मियाद तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- एमडी अबिनाश मिश्रा ने परियोजनाओं की समीक्षा के लिए ली बैठक
- 24 घंटे वाटर सप्लाई, अंडरग्राउंड केबलिंग, शास्त्री बजार, 3 तालाबों में एसटीपी का काम

रायपुर स्मार्ट सिटी के आधा दर्जन प्रोजेक्ट को जून से पहले पूरा करना स्मार्ट सिटी के अफसरों के लिये बड़ी चुनौती है। 15 वार्डों में 24 घंटे भरपूर पानी पहुंचाने की योजना, 7 प्रमुख मार्गों में अंडरग्राउंड केबलिंग का काम, बहुमंजिला शास्त्री बाजार और राजधानी के 3 तालाबों में गंदा पानी साफ करने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की योजना 3 साल बीतने के बाद भी पूरी नहीं हो पाई। स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को समीक्षा बैठक लेकर लंबित प्रोजेक्ट की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को जून से पहले संबंधित प्रोजेक्ट का काम पूरा करने निर्देश दिये हैं।

दरअसल, केन्द्र सरकार ने देश के 100 चुनिंदा स्मार्ट सिटी का काम जून 2024 तक पूरा करने समय सीमा तय की है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये नगर निगम कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करने अधिकारियों व कार्य एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में श्री मिश्रा ने अधिकारियों से कहा है कि निर्माण कार्यों को नियमित मॉनिटरिंग कर जून से पहले सभी प्रोजेक्ट पूरा करायें।। रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक ने अंडरग्राउंड केबलिंग, 24 घंटे जल आपूर्ति परियोजना, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध तालाब, नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी के अधूरे काम को जून से पहले पूरा कराने निर्देश दिये। साथ ही शहर में समुचित स्ट्रीट लाइट सहित अन्य प्रोजेक्ट की जानकारी लेकर समय सीमा पर निर्माण पूर्ण करने हिदायत दी। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि तय समय सीमा में कार्यों को पूरा करने के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। बैठक में स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्ज्वल पोरवाल, महाप्रबंधक ईएंडटी पीके पंचायती, उप-महाप्रबंधक वित्त अमित शर्मा, उप-प्रबंधक संजय अग्रवाल, अमित मिश्रा, असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी, नेहा पटेल, योगेंद्र साहू सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।






बिलासपुर, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024 चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी वर्ष : 24, अंक : 23 पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00*** haribhoomi.com



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## भारत मौसम विभाग ने जारी किया पूर्वानुमान 106 फीसदी बारिश होने की संभावना

# अब के बरस देश भर में सामान्य से ज्यादा बरसेंगे बदरा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में सोमवार को बताया कि इस साल मानसून के दौरान पूरे देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है, लेकिन विभाग ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तरी और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने के आसार हैं। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि पूरे देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के तहत एक जून से 30 सितंबर के बीच मानसून ऋतुनिष्ठ वर्षा दीर्घावधि औसत (लॉंग पीरियड एवरेज) का 106 फीसदी होने की संभावना है। महापात्र ने कहा कि आईएमडी अपने पूर्वानुमान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां ▶▶ शेष पेज 7 पर

### अल नीनो जा रहा और ला नीनो आ रहा

महापात्र के मुताबिक, 1951 से 2023 के बीच नौ साल ऐसे रहे जब अल नीनो जा रहा था और ला नीनो आ रहा था, जैसा इस साल है। उन्होंने कहा कि इन नौ साल में से दो वर्ष के दौरान मानसून की वर्षा सामान्य से ज्यादा रही और पांच साल अत्याधिक बारिश हुई तथा दो अन्य वर्षों के दौरान बारिश करीब करीब सामान्य रही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिंद महासागर पर तटस्थ हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) स्थितियां मौजूद हैं। सकारात्मक आईओडी स्थितियां दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु के उत्तरार्ध के दौरान विकसित होने की संभावना है जो मानसून के लिए अच्छा है।



### इन राज्यों में सामान्य से ज्यादा बारिश

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र , गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, प.बंगाल, सिक्किम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पुड्डुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव।

### अगस्त-सितंबर में ज्यादा बारिश

महापात्र ने एक सवाल के जवाब में कहा कि इन स्थितियों की वजह से मानसून की शुरुआत की तुलना में अगस्त-सितंबर में ज्यादा बारिश होने की संभावना है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि पिछले तीन महीनों (जनवरी से मार्च 2024) के दौरान उत्तरी गोलार्ध, खासकर यूरोप और एशिया में कम बर्फबारी हुई। उन्होंने कहा कि उत्तरी गोलार्ध और यूरेशिया में बर्फ आवरण क्षेत्र सामान्य से कम था और सामान्य से कम हिमपात होना भारत में जून से सितंबर के दौरान बारिश के लिए अनुकूल है।

## बदला मौसम, रायपुर दुर्ग में हुई बारिश


छत्तीसगढ़ में फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। सोमवार को रायपुर और दुर्ग में बारिश हुई। रायपुर में सुबह से धूप छांव का खेल जारी था। इसके बाद दोपहर 3 बजे के बाद कुछ देर जमकर बारिश हुई।शाम 7 बजे तक 3 घंटे के लिए गरज-चमक के साथ 6 जिलों में हल्की बारिश हुई। हालांकि मौसम विभाग के मुताबिक अगले 4 दिन तक दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी होगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शेयर बाजार में हाहाकार 845 अंकों की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** भारतीय शेयर मार्केट में सोमवार को ईरान-इजरायल के बीच चल रहे तनाव का साफ असर देखने को मिला। युद्ध के आसार के चलते सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में जमकर बिकवाली हुई। इसके चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों धड़ाम हो गए। शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट के चलते निवेशकों में मायूसी छा गई।



### जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी गैर कानूनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित एक न्यायाधिकरण ने जेल में बंद अलगाववादी शब्बीर अहमद शाह की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी पर लगाए गए प्रतिबंध की पुष्टि की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पांच अक्टूबर, 2023 को जेकेडीएफपी को उसकी 'भारत विरोधी' और 'पाकिस्तान परस्त' गतिविधियों के लिए पांच साल के लिए प्रतिबंधित संगठन घोषित किया था।

### सलमान के घर गोलीबारी बाइक मालिक से पूछताछ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बांद्रा में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कथित तौर पर इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के मालिक से पुलिस पूछताछ कर रही है। हमलावरों ने मोटरसाइकिल सलमान के घर से लगभग एक किलोमीटर दूर माउंट मैरी गिरजाघर



### बस फ्लाईओवर से फिसली, 5 की मौत

**कटक।** ओडिशा के कटक से दीघा जा रही एक बस दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। जाजपुर के पास बस एनएच-16 पर एक फ्लाईओवर से फिसल गई। बताया जा रहा है कि हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 38 गंभीर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद फायर ब्रिगेड की टीम आननफानन में मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू में मदद की।

### छत गिरी, दो मजदूरों की मौत, 17 घायल

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में एक निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। यह घटना जानसठ थाना क्षेत्र के तालदा गांव में रविवार को हुई। तब मजदूर घर के अंदर काम कर रहे थे।



इजरायल ने बुलाई आपात बैठक, भारत ने कहा-पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा

# ईरान के हमले के बाद इजरायल के साथ अमेरिका-ब्रिटेन, आधी दुनिया भड़की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*ईरान ने बड़े पैमाने पर इजरायली धरती पर ड्रोन हमले किए हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है कि ईरान से इजरायली धरती को निशाना बनाते हुए 300 से अधिक ड्रोन छोड़े गए। इजरायल इस हमल पर बुरी तरह भड़का हुआ है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने वॉर कैबिनेट बुलाई है। उधर, यूएन ने भी आपातकालीन बैठक की है। भारत ने इस हमले से शांति और सुरक्षा को खतरा बताया है।*

इजरायल को हमले को कितना नुकसान हुआ, इसका सटीक अंदाजा अभी सामने नहीं आया लेकिन, इजरायल ने अभी भी अलर्ट मोड पर रहने का फैसला लिया है। इजरायली सरकार का मानना है कि ईरान अभी और हमले कर सकता है। उधर, इजरायल पर हमले को बाद अमेरिका और ब्रिटेन जैसे ताकतवर मुल्कों ने नेतन्याहू को अपना समर्थन दिया है। आधी दुनिया ईरान पर भड़की हुई है। हालांकि ईरान ने इस अटैक को कुछ दिन पहले सीरिया पर उसके दूतावास पर हुए हमले का जवाब बताया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स ने कहा कि उसने रविवार इजरायल पर दर्जनों ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च कीं।

**ईरान बोला-इजराइल पर बड़ा हमला न करने के लिए अमेरिका हमारी तारीफ करे**

### हमले के बाद जर्मनी और जॉर्डन ने ईरान के राजदूत को किया समन

#### इजरायल को और हमले की आशंका

एक तरफ जो बाइडेन की तरफ से बयान आया है कि अमेरिका और इजरायल दोनों ने मिलकर ईरानी हमले को नाकाम कर दिया है। बाइडेन ने कहा कि ईरान के सभी छोड़े गए ड्रोन नष्ट किए जा चुके हैं। हालांकि इजरायल को लगता है कि ईरान चुप नहीं रहने वाला है। इजरायल के रक्षा मंत्री योआव गैलांट ने कहा कि उन्हें अभी भी ईरान की तरफ से हमले की आशंका है। इसलिए हम अलर्ट पर हैं। हमने अपनी सीमाएं और मजबूत कर ली हैं और आर्मी, एयरफोर्स को अलर्ट रखा है।



#### ईरान को जवाब देगा इजरायल

इजरायल पर ईरान के हमले के बाद इजराइली वॉर कैबिनेट की मीटिंग में इस बात पर सहमति बनी है कि ईरान को जवाब दिया जाना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक, यह कब और कैसे होगा, इसका फैसला नहीं हो पाया है। ईरान पर पलटवार को लेकर एक बार ▶▶ शेष पेज 7 पर

#### इजरायल और ईरान की बढ़ती शत्रुता से भारत चिंतित

ईरान के इजरायल पर हमले को लेकर भारत की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने आज कहा कि भारत इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता से गंभीर रूप से चिंतित है। इससे पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, /"हम तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान करते हैं। तनावग्रस्त क्षेत्र में हमारे दूतावास भारतीय समुदाय के साथ निकट संपर्क में हैं।

#### सुनक-ट्रूडो ने ईरानी हमले की निंदा की

इजरायल पर हमले के बाद ब्रिटेन समेत दुनिया के कई देशों ने ईरान की निंदा की है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, मैं इजरायल के खिलाफ ईरानी शासन के लापरवाह हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। ईरान ने एक बार फिर दिखाया है कि वह खुद ही अराजकता बोने का इरादा रखता है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, कनाडा स्पष्ट रूप से इजरायल के खिलाफ ईरान के हवाई हमलों की निंदा करता है। हम इजरायल के साथ खड़े हैं। हमास के क्रूर ▶▶ शेष पेज 7 पर

लोकसभा चुनाव के कारण बदलाव

## व्यापम ने बदली प्रवेश परीक्षाओं की तारीखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा अधिकतर प्रवेश परीक्षाओं की तारीखें बदल दी गई हैं। ऐसा लोकसभा चुनाव के कारण किया गया है। जारी की गई नवीन तिथियों के अनुसार, व्यापम की परीक्षाएं अब मई की जगह जून से प्रारंभ होंगी। पहले ▶▶ शेष पेज 7 पर




### फिर जुलाई तक चलेंगी परीक्षाएं

बीते वर्ष आरक्षण संबंधित विवाद के कारण व्यापम द्वारा तय समय पर प्रवेश परीक्षाएं नहीं ली जा सकी थी। अन्य भर्ती परीक्षाओं की तरह प्रवेश परीक्षाओं में भी विलंब इसके कारण हुआ था। जुलाई माह तक व्यापम ने प्रवेश परीक्षाएं ली थी। कई के परिणाम अगस्त माह तक जारी किए गए। थोक में ऐसे पाठ्यक्रम रहे, जिसमें प्रवेश प्रक्रिया अथवा काउंसिलिंग सितंबर महीने से ही शुरु हो सकी। इस बार भी लगातार दूसरे वर्ष व्यापम की परीक्षा जुलाई माह तक चलेगी। ऐसे में प्रवेश में पुनः अगस्त-सितंबर से प्रारंभ होने की आशंका है।

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's डा. ऑर्थो® Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है

वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये

इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है

आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।



Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores

## हथियार के साथ एक इनामी समेत 7 नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के किस्टाराम इलाके से सुरक्षाबलों ने सात नक्सलियों को हथियार व विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में शामिल टेटेमड़गू आरपीसी व डीकेएमएस अध्यक्ष पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों ▶▶ शेष पेज 7 पर

■ मेटागुड़ा-पालाचलमा इलाके में सर्चिंग के दौरान पकड़े गए



### दारामंगू के जंगल से पांच गिरफ्तार

अभियान के दौरान ग्राम दोरामंगु के जंगल के पास से कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देखकर भागने लगे। मौके से 5 लोगों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सलियों में एक लाख का इनामी कवासी उर्फ वण्डो टेटेमड़गू आरपीसी, डीकेएमएस अध्यक्ष व कलमू गंगा मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर के अलावा मिलिशिया मेंबर कलमू सन्ना, नुप्पो पोज्जा व रवा जोगा शामिल है।

## हैदराबाद ने बनाया आईपीएल इतिहास का सर्वोच्च स्कोर




18 दिन में अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा

287/3 का बनाया स्कोर

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 30वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 287/3 का स्कोर बनाया। यह आईपीएल इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बन गया है। बता दें कि एसआरएच ने इसी सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277/3 का स्कोर बनाया था।

**हेड ने लगाया 39 गेंदों में शतक :** ट्रेविस हेड ने आते ही आक्रामक बल्लेबाजी की जो आखिर तक जारी रही। हेड ने महज 20 गेंदों पर ही अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 39 गेंदों पर ही अपनी पारी को शतक में तब्दील किया।

राज्य विधिक प्राधिकरण की ओर से हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश की गई

# 753 दुष्कर्म पीड़िताओं को नहीं मिला 26.41 करोड़ का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

राज्य भर में 753 दुष्कर्म पीड़िताओं को 26.41 करोड़ की मुआवजा राशि नहीं दी जा सकी है। इसके लिए शासन की ओर से फंड नहीं मिला है, जिसकी मांग की जा रही है। राज्य विधिक प्राधिकरण के सचिव ने हाईकोर्ट में इस बारे में रिपोर्ट पेश की है। हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता को राज्य सरकार सरकार से निर्देश लेकर पूरी जानकारी देने कहा है। ध्यान रहे कि साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य विधिक प्राधिकरण (सालसा) से पूछा था कि प्रदेश में कितने ऐसे मामले हैं जिनमें मुआवजा नहीं मिला है। कोर्ट ने इसकी पूरी जानकारी सहित रिपोर्ट 2 सप्ताह में पेश करने कहा था। सालसा की ओर से बताया गया कि सिरगिट्टी में तीन साल की मासूम की रेप और हत्या के मामले में ढाई लाख रुपए की मुआवजा राशि पहले ही दे दी गई है।

### तत्काल दी जाने वाली राशि में भी देरी

इस पूरे मामले में पुलिस और प्रशासन की लापरवाही सामने आई थी। तत्काल दी जाने वाली राशि भी पीड़ितों को नहीं मिली थी। इस बारे में मीडिया में खबरें आई थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा था। 3 अप्रैल को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद दो दिन के भीतर मुआवजा देने का आदेश दिया था। आदेश का उसी दिन पालन करते हुए पीड़िता की मां को 2.5 लाख रुपये का चेक सौंप दिया गया। राज्य विधिक सहायता प्राधिकरण की ओर से कहा गया कि बाकी साढ़े 7 लाख रुपए प्रकरण में फैसला आने के बाद दिया जाएगा।



**हाईकोर्ट ने पूछा था कि प्रदेश में कितने ऐसे मामले हैं जिनमें मुआवजा नहीं मिला**

| अधिक मामलों वाले जिले | प्रकरण | मुआवजा राशि बाकी |
|---|---|---|
| बिलासपुर | 69 | 2 करोड़ 10 लाख |
| रायपुर | 48 | 2 करोड़ 16 लाख |
| दुर्ग | 104 | 4 करोड़ 71 हजार |
| बलौदाबाजार | 76 | 2 करोड़ 81 लाख |
| बालोद | 75 | 2 करोड़ 44 लाख |
| कोरबा | 53 | 1 करोड़ 63 लाख |

### कोर्ट ने शासन से मांगा था जवाब

सिरगिट्टी क्षेत्र में 3 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या की वारदात हुई थी। मामले में आरोपी भी नाबालिग है। बच्ची का परिवार आरोपी के घर किराए से रहता है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हाईकोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। अधिकारियों ने इस दौरान 10 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। इसमें ढाई लाख रुपए तत्काल और बाकी साढ़े सात लाख रुपए प्रकरण के फैसले के बाद मिलना है। ढाई लाख रुपए देने में भी देरी की गई। परिजन के मुताबिक उधार लेकर अंतिम संस्कार किया गया। हाईकोर्ट ने मामले में राज्य शासन से जवाब मांगा था।

15- APR- COR- MAIN- Pg- 4 SAMPADKI_Layout 1 4/15/2024 9:48 PM Page 1



## चिंतन

# पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को रोकना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव इस क्षेत्र के लिए खतरनाक तो है ही, लेकिन यह विश्व के लिए भी नुकसानदायक है। हमास व इजराइल युद्ध के बाद से ईरान जिस तरह सक्रिय हुआ है, इसे कूटनीतिक भाषा में अतिसक्रियता कही जा सकती है। विश्व पहले से ही रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से प्रभावित है, उसके बाद हमास व इजराइल के बीच जंग छिड़ने से संकट और बढ़ गया है। अब ईरान की ओर से इजराइल पर ड्रोनों व मिसाइलों से हमले के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। ईरान की चाहे इजराइल से जो भी अदावत रही हो, लेकिन ईरान ने बदले की भावना से इजराइल पर हमले के लिए समय गलत चुना है। अमेरिका ने जिस तरह पहले ही चेतावनी दी कि अगर ईरान ने हमला किया तो, वाशिंगटन चुप नहीं बैठेगा, इसके बाद भी ईरान ने इजराइल के ठिकानों पर हवाई हमले किए। अमेरिका व ईरान के बीच तनातनी लंबे समय से है, अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंध से ईरान अमेरिका पर अधिक खफा है। यूं तो अमेरिका का यह प्रतिबंध अनुचित है, पर खफा ईरान अमेरिका को सबक देने की ताक में रहता है। इजराइल व हमास की जंग उसे यह मौका दे रही है, लेकिन ईरान समझ नहीं पा रहा है कि हमले करना किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, कूटनीतिक चैनल अधिक उपयोगी है। यूं तो जैसे इजराइल पर अमेरिका का हाथ है, वैसे ही ईरान पर रूस व चीन का हाथ है, लेकिन इजराइल व ईरान जैसे छोटी आबादी वाले देशों को समझना होगा कि वे अमेरिका, रूस व चीन जैसे बड़े व शक्तिशाली देशों की महत्वाकांक्षा व आपसी अदावत के शिकार न बनें। यूक्रेन से जंग में रूस केवल यूक्रेन से नहीं लड़ रहा, बल्कि वह यूएस व नाटो से भी लड़ रहा है, यूएस रूस को घुटने पर लाना चाहता है, पर क्यों यह अमेरिका को भी पता नहीं होगा। लेकिन इसमें बर्बादी यूक्रेन की हो रही है। ऐसे ही इजराइल व हमास की जंग में पहले जिस तरह ईरान, कतर, आतंकी गुट हुती और कई मुस्लिम देश आतंकी गुट हमास के पक्ष में खड़े हो गए तो अमेरिका भी खुल कर इजराइल के पक्ष में आ गया। लेकिन बर्बादी तो गाजा पट्टी में हो रही है, लोग वहां के मारे जा रहे हैं। अरब स्प्रिंग के बाद पश्चिम व खाड़ी देशों में एक के बाद एक कई राजशाही का तो अंत हो गया, लेकिन वहां लोकतांत्रिक ढांचा विकसित नहीं पाया, इसके चलते वहां अराजकता की स्थिति पैदा हुई। इसका फायदा कुछेक प्रायोजित आतंकी गुटों ने उठाया, कमजोर सरकारें भी हैं, इसलिए क्षेत्र में अशांति है। तेल के खेल में यह क्षेत्र हमेशा पिसता रहा है, इसके बावजूद शायद पश्चिम व अरब क्षेत्र के मुल्कों को यह भान नहीं हो रहा है कि वे शांति की स्थापना के लिए काम करें, वे बाहरी तत्वों के हितों के शिकार न बनें। ईरान ने इजराइल पर हमला करके पश्चिम एशिया में शांति बहाली के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। इजराइल ऐसा मुल्क है जो अपने ऊपर हमले को बर्दाश्त नहीं करता है, और बदला लेता है। बेशक अभी इजराइल हमास के साथ जंग में उलझा हुआ हो, लेकिन वह ईरान को यूं नहीं छोड़ेगा। अब इजराइल व ईरान के बीच दुश्मनी की बीज गहरी हो गई है, जो लंबे समय तक चलेगी। ईरान के कदमों से वैश्विक शांति की राह नहीं निकलेगी। ईरान के हमले की गूंज भारतीय शेयर बाजार तक पहुंची है, पश्चिम एशिया में तनाव के चलते शेयर बाजार औंधे मुंह गिरे हैं। पश्चिम एशिया में तनाव को रोकने के लिए भारत, अमेरिका व चीन शांति के लिए आगे आएं।



विश्लेषण
निर्मल यादव

# हिंदुत्व से सनातन की ओर सियासत

इस बार का चुनाव इस मायने में अलग माना जा रहा है कि इसमें धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। इसे हिंदुत्व से सनातन की ओर राजनीतिक शिफ्टिंग माना जा सकता है।

इन दिनों भारत के नागरिक लोकतंत्र के महापर्व को पूरे जोश से मनाने के लिए तैयार है। अब तक के चुनावों में सियासी दलों की ओर से उठाए गए मुद्दों के आधार पर जनता, भावी सरकार की तस्वीर उकेरती थी, लेकिन इस चुनाव में मतदाताओं को यदि इस महापर्व को मनाने का जतन करना पड़ रहा है, तब फिर साफ है कि इस चुनाव के मुद्दे, गुजरे चुनावों से अलहदा हैं। चुनाव के मुद्दों की बात करने से पहले, चुनाव की ही बात कर ली जाए कि आखिर यह पिछले चुनावों से अलग क्यों है? भारत में आम चुनाव की परंपरा 75 साल पुरानी है। आजाद भारत के इतिहास में अब तक हुए 17 चुनाव किसी न किसी रूप में पिछले चुनावों से भिन्न रहे हैं। इस परंपरा को 18वां आम चुनाव भी शिद्दत से निभा रहा है। कई मायनों में यह चुनाव अनूठा है। इसमें तमाम सियासी दलों का भविष्य दांव पर लगा है, वहीं दूसरी ओर भारतीय सियासत में जातिवाद, परिवारवाद और बाहुबल की गहरी हो चुकी जड़ों का भविष्य भी यही चुनाव तय करेगा। इस चुनाव का फौरी तौर पर किया जा रहा विश्लेषण, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुस्तकबिल को तय करने तक सीमित है, वहीं इस चुनाव का विशद विश्लेषण, राजनीति में धर्म के इस्तेमाल की भवितव्यता को भी सुनिश्चित करेगा।

यह चुनाव इस मायने में अलग है कि इसमें धर्म की चाशनी को इस कदर गाढ़ा करके पेश किया गया है कि इसकी खुमारी अब मतदाताओं के सिर चढ़कर बोलने लगी है। धर्म एक सार्वभौमिक सत्य है और इसका दायरा सिर्फ भारत तक ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर सत्ता की ड्योढ़ी को यह अनादि काल से प्रभावित करता रहा है। दुनिया भर में राजनीति को धर्म के साथ पेश करने के अलौकिक आनंद की अनुभूति 'सनातन' रही है। भारत में भी यह बहस पुरजोर होती रही है कि धर्म की राजनीति होनी चाहिए या राजनीति का धर्म होना चाहिए। मनुस्मृति से लेकर हम्मूराबी की विधि संहिता तक, न जाने कितनी बार राजनीति को धर्म से अलग करने या इसी में समाहित करने की वकालत हो चुकी है। 21वीं सदी के भारत में एक बार फिर नए शब्द के आवरण में चुनाव के असल मुद्दों को ढकने की कवायद तेज हुई है, यह है 'सनातन'।

अब तक के चुनावों में 'धर्म की राजनीति या राजनीति का धर्म' विषय ही विमर्श का मुद्दा बनता था, मगर अब 'सनातन' शब्द ने ऐसे बहुत से नेताओं को पाला बदलने का सुरक्षा कवच दे दिया है, जिनका सनातन के सही मायने से भी कोई सरोकार नहीं है। समाज और व्यक्तियों के स्तर पर हर किसी ने अपनी समझ के आधार पर सनातन को परिभाषित किया है। सनातन का विशद और व्यापक स्वरूप ही इसे परिभाषित करने वाले समाज एवं व्यक्तियों की समझ को परखने का कारगर औजार भी बनाता है। इसलिए कम से कम यहां सनातन को परिभाषित करने के बजाए मौजूदा चुनावी मौसम में इसके सियासी गुणा-गणति पर बात करना बेहतर होगा। यह पहला चुनाव नहीं है, जब इस देश ने धर्म को राजनीति का चोला पहने देखा हो। इससे पहले आजादी के बाद शुरुआती दौर में सोमनाथ से शुरू हुई यह कहानी अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाने से लेकर 1990



के दशक में विवादित ढांचा ढहाए जाने तक, चुनावी राजनीति के आवरण में ढंकी रही। मंदिर और मस्जिद के नाम पर होती रही राजनीति का लाभ, इससे सरोकार रखने वाले दोनों खेमों को मिलता रहा है। मंदिर के मुद्दे ने भाजपा के चुनावी सफर को सड़क से सत्ता तक पहुंचाया तो मस्जिद के नाम पर भाजपा के विरोधी दलों को भी सत्ता की खूब मलाई खाने को मिली।

इस बार का चुनाव इसी मायने में अलग माना जा रहा है कि इस चुनाव में धर्म की राजनीति, एक नए शब्द के साथ की जा रही है। इस बार चुनाव में बात 'सनातन' की हो रही है। मजे की बात तो यह है कि उत्तर भारत में भाजपा सनातन पर हमला होने को लेकर जो माहौल बना रही है, वह हमला द्रविड़ अस्मिता का गढ़ रहे तमिलनाडु से हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन विरोध का मोर्चा खोल रखा है। दरअसल उत्तर भारत में 'सनातन' को शाश्वत बताकर संस्कृति का हिस्सा माना जाता है, जिसकी वजह से इसे सनातन संस्कृति का दर्जा दिया गया है। बोलचाल की भाषा में भी हिंदी पट्टी के लोग सिर्फ सनातन शब्द का इस्तेमाल नहीं करते हैं, बल्कि 'सनातन संस्कृति' कहना ज्यादा पसंद करते हैं।

दक्षिण भारत से यदि इसके तार जोड़े जाएं तो यह आर्य बनाम अनार्य का सनातन संघर्ष है। हिंदी भाषी राज्यों में आम जन को भले ही आर्य बनाम अनार्य के प्राचीन संघर्ष का इल्म न हो, लेकिन अपनी कला, संस्कृति, पहनावा और भाषा को लेकर बेहद सजग रहे दक्षिण भारत में जन जन को इस संघर्ष का भान है। आजादी के बाद 1950 के दशक में भाषायी आधार पर राज्य बनाने के लिए दक्षिण भारत में हुए आंदोलन, इस संघर्ष के गवाह भी हैं। तत्कालीन नेहरू सरकार को इस मसले पर तीन सदस्यीय 'जेवीपी कमेटी' बनानी पड़ी थी। खुद पं नेहरू के अलावा सरदार पटेल और पट्टाभि सीतारमैया राजू की मौजूदगी वाली इस समिति को दक्षिण में भाषाई आधार पर राज्यों के विभाजन के लिए हुए आंदोलन को शांत करना पड़ा था। भाषायी राज्य बने।

अब 21वीं सदी के सबसे चर्चित चुनाव से पहले उदयनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिक्रिया में सनातन पर हमला नहीं किया, बल्कि इस हमले की जड़ काशी में है। पीएम मोदी की पहल पर काशी में चल रहे 'तमिल संगमम' की सफलता, उदयनिधि की प्रतिक्रिया का परिणाम है। पीएम मोदी की पहल पर हो रहे तमिल संगमम का मौन असर काशी से ज्यादा दक्षिण में हो रहा है। यही वजह है कि इस चुनाव में भाजपा ने राजनीति में भरपूर इस्तेमाल हो चुके 'हिंदुत्व' शब्द के बजाय व्यापक अर्थ वाले 'सनातन' शब्द को मारक हथियार बनाया है। अव्वल तो इस शब्द के निहितार्थ, धर्म और समाज के इतिहास को गहराई से समझने वाले ही जानते है। ऐसे में आर्य और भारतीय अस्मिता के विशद स्वरूप की गहरी समझ रखने वाले भाजपा के रणनीतिकारों को पता है कि सीमित ज्ञान से लैस विपक्षी खेमे के अधिसंख्य राजनेताओं को सनातन के जाल में फंसाना आसान है।

बेहतर होता, उदयनिधि सनातन पर हमला करने से पहले उस रावण का जिक्र करते, जिसे दक्षिण में पूज्य और उत्तर में धरती का सबसे प्रकांड पंडित माना जाता है। उदयनिधि को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए था कि शिव जी के सबसे प्रिय भक्त रावण के पांडित्य पर उत्तर भारत में कभी सवाल नहीं उठा। सिर्फ राम के साथ बैर होने के कारण ही रावण को उत्तर में आज भी हर साल दहन होना पड़ता है। ऐसे में उदयनिधि के लिए भी बेहतर होता कि वे एक बार रावण की उस 'रक्ष संस्कृति' का अध्ययन कर लेते, जिसकी वजह से आज भी आसुरी प्रवृत्ति के लोगों को 'राक्षस' समझा जाता है, जबकि दक्षिण की मान्यता है कि आर्य संस्कृति के विरोध में रावण द्वारा प्रवर्तित की गई रक्ष संस्कृति को मानने वाले राक्षस कहे जाते हैं। उदयनिधि भेद को समझकर यदि सनातन का मुद्दा उठाते तो भाजपा इस चुनाव में राम मंदिर और सनातन को अलग करके लाभ नहीं ले पाती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

जमीनी हालात
आर.के. सिन्हा




# पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की "सेवन सिस्टर्स" या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21 सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है।

अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं, तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह-प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन-प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है । मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है। इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहे हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। अब नजरें इस चुनाव पर हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अशांत मन में अपने इष्टदेव के मंत्रों का जप और ध्यान करें



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है।

लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीना मुश्किल कर रहा वायु प्रदूषण

हाल ही में स्विस ग्रुप आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। इस सूची के अनुसार पिछले साल 134 देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद हमारे देश की वायु गुणवत्ता बेहद खराब थी। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विजुअल की रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहरों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के सात शहर भी शामिल हैं। यह भारत के लिए बहुत चिंताजनक है। **-मनीष देवांगन**, दुर्ग

## ट्रेंड

### हैरान करने वाला



कांग्रेस के गठबंधन वाली बिहार की आरजेडी के नेता कहते है, अगर हमारी सरकार बनी तो हम मोदी जी को जेल में डालेंगे। जिनके अपने नेता खुद जेल में गए हों, वो मोदी जी को जेल में डालने की बात करते हैं। उनका कथन हैरान करने वाला है।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### इनाम स्वरूप



भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार संविधान बदलने और समाप्त करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री और इनके शीर्ष नेता इन पर कुछ कारवाई करने की बजाय इसके बदले उन्हें इनाम स्वरूप चुनाव लड़वा रहे हैं।

-लालू यादव, राजद नेता

### ऐसा करके दिखाएंगे



दिल्ली के उपराज्यपाल साहब और भाजपा के नेता कह रहे थे, जेल से दिल्ली की सरकार तो नहीं चलेगी। हमने साफ कहा कि सरकार तो जेल से ही चलेगी, तुमको पीछे हटना पड़ेगा, हम लोग पीछे हटने वाले नहीं हैं। हम ऐसा करके पूरे देश को दिखाएंगे।

-संजय सिंह, आप नेता

### निराशाजनक



आईपीएल की शीर्ष फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस को घरेलू मैदान पर अपमानित होते देखना निराशाजनक है। हार्दिक पंड्या कप्तानी और प्रदर्शन में संतुलन बिठाने में अभिभूत नजर आ रहे हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# डेलावेयर में बैसाखी के मौके पर किया गया भांगड़ा




अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के गृह राज्य डेलावेयर के सात जनप्रतिनिधियों के एक समूह ने बैसाखी पर्व के मौके पर सिख समुदाय के साथ जुड़कर भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत किया। सभी जनप्रतिनिधि परंपरागत पंजाबी पोशाक पहनकर आये थे। इस समूह में डेलावेयर सीनेट में बहुमत दल के नेता ब्रायन टाउनसेंड, सीनेट बहुमत दल की सचेतक एलिजाबेथ लॉकमैन, सीनेटर स्टेफनी हांसेन, सीनेटर लॉरा स्टुरगियोन और राज्य प्रतिनिध पॉल बॉमबैश, शैरी डोर्सी वॉकर और सॉफी फिलिप्स शामिल थीं। एक जनप्रतिनिधि के सहयोगी भी इस प्रस्तुति में समूह का हिस्सा बने। टाउनसेंड ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के समूह ने भांगड़ा प्रशिक्षक भारतीय अमेरिकी विश्वास सिंह सोढ़ी से दो महीने करीब 30 घंटों तक नृत्य सीखा था। उन्होंने कहा, 'हमने करीब दो महीने में 30 घंटे तक अभ्यास किया था। हम आठ लोग थे। हमने साथ मिलकर जितना हो सकता था अभ्यास किया और हमारे पास विश्वास सिंह जैसे एक बेहद शानदार कोच थे।' जनप्रतिनिधियों द्वारा पहनी गयी पोशाक भारत में सिली गयी थी और वहीं से मंगवाई गयी थी। टाउनसेंड ने प्रस्तुति के बाद बताया, 'हमें इस बात की खुशी है कि (भांगड़ा करते वक्त) हममें से कोई भी नहीं गिरा।

## ऑफ बीट

# समुद्र में दुष्ट लहरें होती है विशाल लहरें

दुष्ट लहरें समुद्र की बहुत विशाल लहरें होती हैं – अपने आसपास की लहरों से दोगुनी ऊंची – जो कहीं से भी प्रकट होती हैं। दस मंजिला इमारतों जितने



ऊँचे पानी के अकल्पनीय पहाड़ों की कहानियाँ सदियों से समुद्री लोककथाओं और साहित्य में व्याप्त हैं। हाल की तकनीक ने वैज्ञानिकों को समुद्र में लहरों का पता लगाने में सहायता दी है, जिससे किंवदंती वास्तविकता बन गई है। पहला और सबसे प्रसिद्ध माप ड्रापनर लहर का था, जो 1 जनवरी 1995 को उत्तरी सागर में 25.6 मीटर का राक्षस दर्ज किया गया था। अवलोकनों के बावजूद, हम अभी भी नहीं जानते कि दुष्ट लहरें कितनी बार उठती हैं, या क्या हम उनकी भविष्यवाणी कर सकते हैं। दुष्ट लहर के रिकॉर्ड में ऐसी कोई खास विशेषताएं शामिल नहीं होती हैं, जो इसे इसके चारों ओर के समुद्र को अलग करती हैं, इसलिए हम तुलना नहीं कर सकते हैं या इसके बनने के लिए जरूरी आवश्यक स्थितियों की भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं। हमारी टीम दक्षिणी महासागर में दुष्ट लहरों का पीछा करने के लिए दक्षिण अफ्रीकी आइसब्रेकर एस.ए. अगुलहास–I पर रवाना हुई, जहां शक्तिशाली हवाएं पृथ्वी की सबसे भयंकर लहरों को आकार देती हैं। दुष्ट लहरें क्या पैदा करती हैं?

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

15- APR- COR- MAIN- Pg- 5 FULL PAGE_Layout 1 4/15/2024 8:47 PM Page 1





छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि सहेली

मंगलवार
16 अप्रैल 2024





रिलेशनशिप / अनुराग मनींद्र

# बनाए रखें संवाद घुली रहेगी रिश्तों में मिठास

परिजन हों या रिश्तेदार या फिर मित्र, इन सबसे आपके रिश्ते हमेशा मधुर रहें, इसके लिए जरूरी है सबसे निरंतर बातचीत होती रहे, संवाद बना रहे। यह संवाद ही होता है, जो किसी प्रकार के मनमुटाव, गलतफहमी को दूर करता है, हमें रिश्तों की डोर से बांधकर रखता है।

मामूली कहा-सुनी के कारण पिछले कुछ दिनों से लावण्या और काव्या के बीच बातचीत बंद थी। दोनों का 'ईगो' संवाद की पहल करने से रोक रहा था। आखिरकार काव्या ने अपने अहम को किनारे रखकर लावण्या से बातचीत की पहल की। फिर क्या था, उन दोनों के मन में एक-दूसरे के प्रति जो कड़वाहट थी, खत्म हो गई। दोनों का सारा गुस्सा भाप बनकर उड़ गया। यह होता है संवाद का असर!

**हर रिश्ता अपने-आप में खूबसूरत है:** किसी से रिश्ता, परिवार और समाज द्वारा इंसान को प्राप्त सबसे बड़ी नेमतों में से एक है। जन्म के साथ ही हमारे साथ कुछ रिश्ते जुड़ जाते हैं। फिर जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं, घर-परिवार और समाज में तमाम लोग हमसे जुड़ते चले जाते हैं। हर रिश्ते का अपना महत्व है। हम पर निर्भर करता है कि हम रिश्तों के महत्व को कितना समझते हैं, इसे कैसे निभाते हैं।

**संवाद के लिए वक्त निकालें:** बहुत ज्यादा व्यस्त होने के कारण भी अकसर लोग अपने रिश्तों को उचित समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में प्रायः संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आज की इस दौड़ती-भागती जिंदगी में हर इंसान वक्त की कमी का रोना रोता रहता है। 'वक्त की कमी' आज के दौर का सच है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कोई इंसान इतना व्यस्त हो कि अपनों के लिए, अपने रिश्तों के लिए जरा भी समय ना निकाल सके। एक फोन-कॉल, एक छोटी-सी मुलाकात, किसी खास मौके पर उपहार, ये सब बातें रिश्तों में मिठास घोलती हैं।

**'ईगो' को रख दें एक ओर :** जब कभी भी दो लोगों के मध्य संवादहीनता की स्थिति आती है तो सवाल यही उठता है कि बातचीत की पहल कौन करे? ऐसे में 'ईगो' बीच में आ जाता है। कई खूबसूरत रिश्ते सिर्फ संवादहीनता की वजह से मुरझा जाते हैं। ध्यान रहे, हमारा 'ईगो' किसी भी सूरत में रिश्तों से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। अपने 'ईगो' को एक किनारे रखें और संवाद की पहल करें। अपनों से 'कहा-सुनी' से बचते हुए, कुछ अपनी कहें, कुछ अपनों की सुनें। इससे आपके रिश्ते हमेशा खिले रहेंगे, मधुर बने रहेंगे। ❁

## संवाद से दूर होती है गलतफहमी

**कई बार** छोटी-मोटी तकरार या कुछ गलतफहमियों की वजह से लोग आपस में बातचीत बंद कर देते हैं। ऐसे में संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अगर यह स्थिति



लंबी खिंच जाए तो रिश्तों में दूरियां बन जाती हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि गलतफहमी की वजह से संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न हो जाती है या संवाद के अभाव में गलतफहमी पैदा हो जाती है। इन दोनों ही स्थितियों से अपने रिश्ते को बचाने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। दोनों में से किसी भी पक्ष की अपनी ओर से संवाद बनाए जाने की पहल होनी चाहिए। इससे गलतफहमी दूर हो जाएगी।

किसी भी कारण अगर बच्चे को पिता का सान्निध्य और संरक्षण नहीं मिलता है तो अकेली मां के लिए बच्चे की परवरिश आसान नहीं होती। सिंगल मदर के बच्चे भावनात्मक रूप से बहुत कमजोर हो जाते हैं। इनका विकास बहुत ज्यादा बाधित होता है। ऐसे बच्चों की मनोदशा समझना बहुत जरूरी है, ताकि उनकी परवरिश सही ढंग से हो।

कवर स्टोरी / नीलम अरोड़ा

# इमोशनली वीक होते हैं सिंगल मदर के बच्चे

विभिन्न शोध अध्ययनों और सर्वेक्षणों से वैश्विक स्तर पर यह बात उभर कर आई है कि दुनिया में सबसे ज्यादा भावनात्मक रूप से कमजोर सिंगल मदर यानी अकेली मां के बच्चे होते हैं। उनकी यह भावनात्मक कमजोरी उनके समूचे व्यक्तित्व में हर जगह झलकती है। मसलन, सिंगल मदर्स के बच्चों की स्कूली उपलब्धियां कमतर होती हैं। सौ में से कोई एक या दो बच्चा ही पढ़ने में औसत से बेहतर होता है। अपनी कक्षा में सबसे तेज-तर्रार होना तो ऐसी मदर्स के बच्चों के लिए स्वप्न सरीखा होता है, क्योंकि इन बच्चों का सामाजिक और भावनात्मक विकास उस स्तर का नहीं हुआ होता कि ये व्यावहारिक दुनिया की वास्तविकताओं का सहजता से सामना कर सकें। सिंगल मदर के बच्चे स्वभाव से बेहद चिड़चिड़े, कामचोर और परफॉर्मेंस के मामले में दयनीय होते हैं। इनकी दिनचर्या, शिक्षा, आवास व्यवस्था और पारिवारिक आय में हमेशा सिंगल मदर का बच्चा होना मौजूद रहता है।

## समाज की तमाम खूबियों से वंचित

समाजशास्त्री बार-बार कहते हैं कि आदमी एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए आदमी की परवरिश में सामाजिक तत्वों का बहुत महत्व होता है। जब किसी बच्चे को अपने विकास के क्रम में ये सामाजिक तत्व हासिल नहीं होते, तो वे समाज की उन तमाम खूबियों से वंचित हो जाते हैं, जो खूबियां दूसरे बच्चों को बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के हासिल होती हैं। अकेले मां-बाप के बच्चे जो ज्यादातर समय अकेले रहते हैं, उनकी भाषा उन बच्चों से भिन्न होती है, जो बच्चे अपने घर के तमाम सदस्यों के साथ रहते हैं। इनकी भाषा असभ्य, हिंसक और सीमित शब्दावलियों वाली होती है,



क्योंकि ये कम से कम शब्दों को सीखते हैं और उन्हीं से काम चलाते हैं।

## हमेशा रहते हैं डरे-सहमे

अमेरिका में सिंगल मदर के किशोरों का अध्ययन करने से पता चला है कि ये हमेशा डरे-डरे रहते हैं, क्योंकि यह बचपन में बहुत लंबे समय तक अकेले रहे होते हैं। इनके अंदर समूह में किस तरह व्यवहार किया जाए, इसकी समझ नहीं होती। ये कई लोगों के बीच अचकचा जाते हैं। इन्हें घर से भाग जाना, चोरी करना और शराब पीना ना बुरा लगता है और ना ही इससे इनको किसी तरह का खतरा महसूस होता है। अकेले रहने के कारण इनके शरीर में रासायनिक परिवर्तन की भिन्नता भी देखने को मिलती है। मसलन, इनमें अकसर तनाव का हार्मोन कोर्टिसोल बढ़े हुए स्तर पर पाया जाता है। ये या तो अकसर सोते ही रहते हैं या बहुत कम सोते हैं। ये बहुत आसानी से धूम्रपान या किसी अन्य व्यसन के आदी हो जाते हैं।

## कई तरह की व्याधियों से होते हैं घिरे

अकेली मां के बच्चों की जो एक खास पहचान है, वह यह है कि वो अकसर सिरदर्द या ऐसे अस्पष्ट दर्द से पीड़ित होते हैं, जो उन्हें पता ही नहीं होता कि कहां हो रहा है, किस वजह से हो रहा है। यह ज्यादातर समय गंदे रहते हैं। सजने-संवरने का इन्हें कोई शौक नहीं होता और खाने के मामले में इनमें जरा भी सौंदर्यबोध नहीं होता। ये खाने को इस तरह से खाते हैं कि आमतौर पर किसी दूसरे को देखने में बुरा लगता है। ये अवसाद और चिंताओं से घिरे होते हैं। ये शरीर से कमजोर होते हैं और बहुत कम के चेहरे पर कभी कोई आकर्षण दिखता है। कुल मिलाकर अकेलापन सिर्फ बूढ़ों को ही लाचार नहीं बनाता बल्कि अगर यह छोटे बच्चों के जीवन में भी मौजूद होता है, तो उन्हें भी यह बचपन से कुंठित कर डालता है। इसलिए ऐसे बच्चों की परवरिश में मां को बहुत सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। ऐसे में सिंगल मदर्स के प्रति परिजन, रिश्तेदार और आस-पास के लोगों का एक सामाजिक दायित्व बनता है कि वे अकेली मां को ही नहीं, उसके बच्चे को भी अपना प्रेम-स्नेह दें, उनका भावनात्मक संबल बनें, ताकि वे अपने आपको अकेला, निसहाय ना समझें। बच्चों का विकास सही ढंग से हो। ❁



## अकेले रहना करते हैं पसंद

**देखा यही** गया है कि अकेली मां के बच्चे स्कूलों में सहजता से टीचर की बातें समझ नहीं पाते। समझते हैं तो सीख नहीं पाते और टीचर ही नहीं बल्कि अपने सहपाठियों के साथ भी तालमेल नहीं बैठा पाते। इन्हें उनका व्यवहार अटपटा लगता है और बाकी बच्चों की नजरों में अकेली मां के ये बच्चे अबूझ किस्म के होते हैं, ये बच्चे ज्यादातर समय अकेले रहना पसंद करते हैं। अकेले रहते हुए कई तरह की असुरक्षाओं से दो-चार होते हैं। इनका शरीर तो पर्याप्त पोषण से वंचित होता ही है, इनके मन और दिमाग को भी पर्याप्त पोषण नहीं मिलता। ज्यादातर सीरियल किलर विस्तृत अध्ययन में एकल मां-बाप के बच्चे पाए गए हैं या जिन्हें बचपन में लंबे समय तक अकेले रहना पड़ा है।



बिहेवियर / शीला श्रीवास्तव

# पति के मित्रों का जरूर करें आदर-सत्कार लेकिन...

पति के मित्र भी आपके अतिथि हैं, आत्मीय हैं। वे जब घर आएं तो उनका पूरा आदर-सत्कार करें, लेकिन कुछ बातों का ध्यान भी जरूर रखें, यह रिश्तों की मर्यादा के लिए जरूरी है।

पति के मित्र पत्नी के भी आत्मीय होते हैं, क्योंकि वे दुःख की घड़ी या आपात-स्थिति में मददगार होते हैं, परिवार का संबल बनते हैं। इस मित्रता में आदर-सत्कार और स्नेह के भाव जरूर होने चाहिए, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखना भी जरूरी है।

**बनाए रखें शालीनता :** पति के मित्रों से बात करना गलत नहीं है, लेकिन बातचीत की भाषा कभी भी हल्की नहीं रखें, ना ही उल्टे-सीधे मजाक करें। कोई ऐसी हरकत भी ना करें, जिससे आपकी छवि बिगड़े। पति के मित्रों के साथ हमेशा शालीनता से पेश आएं। एक गरिमा बनाकर रखें, इससे उन पर आपके व्यक्तित्व का अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

**शिकायत ना करें:** अपने घर-गृहस्थी और परिवार के लोगों की शिकायत कभी भी भूलकर पति के मित्र के सामने ना करें, जैसे 'मैं आपको क्या बताऊं भाई साहब, सालों हो गए हमें मूवी देखे।', 'रेस्टोरेंट जाने को बोलो तो एक ही बात उनके जुबां पर होती है, मुझे बाहर का खाना नहीं जमता।' साथ ही पति के मित्रों से कभी अपने पति की तुलना ना करें, ना ही उनकी किसी कमजोरी का जिक्र करें, जैसे 'भाई साहब आप अपनी वाइफ का कितना ख्याल रखते हैं और एक ये हैं, इन्हें तो मेरी कोई फिक्र ही नहीं रहती। अब मैं आपसे क्या-क्या बताऊं...।' ऐसी शिकायतों से आपके पति के मित्र को ऐसा लग सकता है कि आप अपने पति से खुश नहीं हैं। जब ऐसी शिकायतें आपके पति को पता चलेंगी तो इसका गलत असर आपके दांपत्य जीवन पर पड़ सकता है।

**पति से कुछ ना छिपाएं:** यदि आपको पति के मित्र की कोई हरकत पसंद नहीं आ रही हो, अनुचित लगे तो तुरंत अपने पति को बताएं ताकि उनके सामने उस मित्र की असलियत पता चले और पति इस पर अपने ढंग से टोकें या ऐसे मित्र से एक दूरी बना लें।

**बुरे व्यसन वालों से रहें सावधान:** पति की दोस्ती कई प्रकार के लोगों से हो सकती है, जिन्हें कुछ कारणों से निभाना ही पड़ता है। इनमें कोई ऐसा मित्र भी हो सकता है, जो मद्यपान करता हो, आप ऐसे व्यसन करने वालों से दूर रहें। पार्टी आदि में मद्यपान करने वाले पति के मित्रों के नजदीक ना जाएं।

**गलत फायदा ना उठाने दें:** आपके मृदुभाषी और अपनेपन से पेश आने पर पति का कोई मित्र अन्यथा ना ले, इस बात का हमेशा ध्यान रखें। कभी-कभी रिजर्व नेचर रखना भी जरूरी होता है। ज्यादा करीब आने या अधिकार जताने वालों से सावधान रहें। पति के सभी मित्र एक समान नहीं होते, इसलिए इनके प्रति आपकी एक भले-बुरे इंसान की पारखी नजर जरूरी है। ❁

## पति की अनुपस्थिति में ज्यादा देर ना बैठाएं

**पति की** अनुपस्थिति में उनके मित्र से बहुत अधिक समय बात ना करें या रुकने को ना कहें। घर में अन्य सदस्य हैं तो भी



थोड़े से अतिथि सत्कार के बाद उन्हें विदा कर दें। विशेषकर जब आप घर में अकेली हों तो जहां तक संभव हो, उन्हें घर के अंदर बैठाने से बचें।




एडवाइस / विनीता

# हमेशा सही नहीं होता पहला इंप्रेशन

अंग्रेजी में एक कहावत है 'फर्स्ट इंप्रेशन इज द लास्ट इंप्रेशन।' यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि पहली मुलाकात में ही हम किसी के बारे में सब कुछ सही ढंग से जान लें। दूसरों के बारे में अपनी राय बनाने में हमें कभी इतनी जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। कई मुलाकातों के बाद ही हमें उसको लेकर अपनी कोई राय कायम करनी चाहिए।

**धैर्यपूर्वक करें विचार :** हमारे आस-पास भिन्न-भिन्न स्वभाव वाले लोग आते हैं। कुछ लोगों का स्वभाव बहुत खुला होता है, ऐसे लोग पहली ही मुलाकात में सबसे घुल-मिल जाते हैं, इन्हें समझना आसान होता है। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इंट्रोवर्ट होते हैं। ऐसे लोग स्वभाव के संकोची, शर्मीले और कम बोलने वाले होते हैं। इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। जब पहली बार ऐसे किसी व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो तो उसे अहंकारी समझकर उसके बारे में कोई गलत राय ना बनाएं। असल में जब हम पहली बार किसी से मिलते हैं तो उसके बारे में कुछ ही बातें जानते हैं। अपने पुराने अनुभवों के आधार पर उसके बारे में अपनी राय बना लेते हैं, जो कई बार गलत साबित होती है।

इस तरह जब आप धैर्यपूर्वक सोचने-समझने के बाद ही दूसरों के बारे में अपनी राय बनाएंगी तो आपके सामाजिक दायरे में हमेशा अच्छे लोग शामिल होंगे, इनसे आपके रिश्ते भी मधुर रहेंगे। ❁



## परखने के बाद बनाएं राय

किसी भी इंसान के व्यक्तित्व के कई पहलू होते हैं, जो दूसरों के सामने धीरे-धीरे आते हैं। इसलिए जब आप किसी से पहली बार मिलती हैं, तो इस मुलाकात में होने वाली बातचीत के आधार पर उसे अच्छा या बुरा समझने की गलती ना करें। साथ ही पहली मुलाकात में किसी अजनबी से बहुत ज्यादा प्रभावित ना हों, क्योंकि कुछ चालाक लोग दूसरों के सामने अच्छा इंप्रेशन जमाने की कला में बहुत माहिर होते हैं। ऐसे लोगों को कुछ दिनों तक परखने के बाद ही इनके बारे में अपनी कोई धारणा बनानी चाहिए। वहीं दूसरी ओर शर्मीले लोगों से बातचीत की शुरुआत करके पहले उन्हें सहज महसूस करवाएं, तब वे आपके साथ खुलकर बातें कर पाएंगे। अगर आप खुद तनावग्रस्त हों, इस दौरान कोई पहली बार आपसे मिलने आया हो तो उस वक्त उससे बातें करने में आपकी रुचि नहीं होगी, उस व्यक्ति के प्रति आपके मन में अच्छी धारणा नहीं बनेगी, इसलिए दोबारा अच्छी मनोदशा में उससे मिलें, इत्मीनान से बात करें फिर उसके बारे में अपनी कोई राय बनाएं।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

अभी नवरात्र चल रहे हैं। ऐसे में आयोजित होने वाले फंक्शंस में जाते समय आपको कुछ ऐसी ड्रेस कैरी करनी चाहिए, जो दिखने में अट्रैक्टिव लगे, साथ ही उस में ट्रेडिशनल लुक भी नजर आए। इसके लिए आप यहां बताई जा रही ड्रेस ऑप्शंस में से कोई भी सेलेक्ट कर सकती हैं। ये ड्रेसेस सीजन को देखते हुए कंफर्टेबल भी हैं।

# ट्रेडिशनल ड्रेस में नजर आएगा आपका लुक अट्रैक्टिव-इंप्रेसिव



ड्रेसअप / निधि गोयल

इन दिनों हल्की गर्मी शुरू हो गई है। नवरात्र भी अभी चल रहे हैं। रामनवमी का भी अवसर है। ऐसे में अगर आपको किसी फंक्शन में शामिल होना हो तो ऐसी ट्रेडिशनल ड्रेसेस ही सेलेक्ट करना चाहेंगी जो पहनने में ईजी हों। साथ ही जिनमें आपको कलर और फैब्रिक की अच्छी रेंज भी मिल जाए। इन दोनों लिहाज से किस तरह के ट्रेडिशनल ड्रेस ऑप्शंस आप सेलेक्ट कर सकती हैं, यहां डिटेल में बता रहे हैं। अब इनमें से अपनी पसंद की ड्रेस सेलेक्ट करिए और पाइए अट्रैक्टिव-इंप्रेसिव लुक।

**यलो कलर साड़ी :** फेस्टिवल कलर्स वाली ड्रेसेस में यलो कलर को परफेक्ट माना जाता है। इसलिए आप चाहें तो यलो कलर की साड़ी पहन सकती हैं। हालांकि कुछ महिलाओं को लगता है कि यलो ड्रेसेस सुटेबल नहीं होती हैं। उनको लगता है कि इस कलर की ड्रेस में उनकी पर्सनालिटी खिल कर नहीं आएगी। लेकिन फैशन एक्सपर्ट्स के अनुसार ऐसी सोच सही नहीं है। आजकल यलो कलर में भी बहुत से शेड्स की ड्रेसेस मिलने लगी हैं। यलो कलर ज्यादा ब्राइट न होकर आपको सोबर और ब्यूटीफुल लुक देता है। आप चाहें तो यलो कलर की साड़ी पहन कर इन फेस्टिवल्स में स्पेशल लुक कैरी कर सकती हैं।

**ग्रीन कलर लहंगा :** अगर आपको कुछ ट्रेडिशनल पहनना है तो आप ग्रीन कलर का लहंगा भी ट्राई कर सकती हैं। आजकल ट्रेडिशनल ड्रेसेस में ग्रीन कलर काफी इन है। इसमें भी पेस्टल ग्रीन को अधिकतर महिलाएं काफी पसंद करती हैं। इस कलर के जब आप लहंगे पहनती हैं तो आपका लुक और भी अधिक अट्रैक्टिव नजर आता है। ग्रीन कलर लहंगों की बात करें तो इनमे प्रिंटेड लहंगे काफी पसंद किए जा रहे हैं, क्योंकि ये देखने में बेहद सुंदर नजर आते हैं। इनमें कॉटन फैब्रिक मिल जाएगा, जिससे समर सीजन में इन्हें पहनने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।



ग्रीन कलर्ड लहंगा

**रेड कलर्ड धोती सलवार-सूट:** आजकल धोती सलवार सूट का काफी ट्रेंड है। इनमें भी आप अगर इन्हें रेड कलर वाली पहनती हैं तो ये और भी सुंदर नजर आते हैं। इन्हें आप कंट्रास्ट में भी पहन सकती हैं। जैसे, कुर्ता रेड कलर में और धोती ग्रीन या यलो कलर में। इस तरह के कंट्रास्ट भी इन सूट्स में काफी चलते हैं। साथ ही इनमें आप फैब्रिक अपनी पसंद का ले सकती हैं। चाहे आप कॉटन में इन्हें पहनें या फिर जॉर्जट में, इनका लुक सभी में अच्छा लगता है।



रेड कलर में धोती सलवार सूट

**कलरफुल अनारकली सूट :** अगर आपको किसी फंक्शन में ट्रेडिशनल ड्रेस पहनकर जाना है, लेकिन ज्यादा समय नहीं है तो आप साड़ी के बजाय अनारकली सूट का चुनाव कर सकती हैं, क्योंकि अनारकली सूट आसानी से कैरी किए जा सकते हैं। इनमें अगर आप कलरफुल फैब्रिक वाले सूट का सेलेक्शन करती हैं तो यह हर तरह के फंक्शन में सूट करेंगे। इन्हें आप बहुत ज्यादा हैवी लुक में न लें। ये कई तरह के फैब्रिक में मिल जाते हैं। आजकल के मौसम के लिए कॉटन सूट बेहतर ऑप्शन है।



कलरफुल अनारकली सूट

**(फैशन डिजाइनर ममता आनंद से बातचीत पर आधारित)**



ब्यूटी सजेशन

शहनाज हुसैन

कॉस्मेटोलॉजिस्ट

गर्मी के मौसम में यंग और मिड एज की महिलाएं अक्सर डल स्किन, ड्रायनेस और टैनिंग से परेशान रहती हैं। इनसे निजात पाने के साथ ग्लो बनाए रखने के लिए आप कुछ ईजी होम रेमिडीज अप्लाई कर सकती हैं।



# आजमाएं होम रेमिडीज पाएं ग्लोइंग स्किन

गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में धूप के संपर्क और घर से बाहर धूल-प्रदूषण में रहने से स्किन ड्राय, बेजान और टैन हो सकती है। गर्मी में धूप और पसीने से स्किन ग्लो कम होने लगता है। इस स्थिति में केमिकल ट्रीटमेंट करवाने से कुछ इंस्टेंट फायदा तो मिल सकता है, लेकिन लंबे समय में नुकसान झेलना पड़ता है। जबकि घरेलू उपायों को आजमाने से मनचाहा रिजल्ट पाने में थोड़ा समय जरूर लगता है लेकिन इससे स्किन पर नेचुरल ग्लो आता है, वो भी किसी साइड इफेक्ट और ज्यादा पैसे खर्च किए बिना। आप इन होम रेमिडील से मनचाही ग्लोइंग स्किन प्राप्त कर सकती हैं।

- गर्मी में स्किन पर आइस क्यूब लगाना फायदेमंद होता है। इससे स्किन में अच्छी तरह से ब्लड सर्कुलेशन होता है। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जाने वाली हैं तो मेकअप से कुछ समय पहले अपने चेहरे पर आइस क्यूब से मसाज करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा। स्किन पर आइस क्यूब की मालिश करते समय इसमें अगर मॉयश्चराइजर की कुछ बूंदें डाल लें तो लंबे समय तक ग्लो बना रहेगा।
- एक-दो गेंदे के फूलों को पीसकर उसमें दही, चंदन का पावडर मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाकर रखें। इससे चेहरे को ठंडक मिलेगी। पिंपल्स और रैशेज दूर होंगे। यह एस्ट्रिंजेंट की तरह काम करेगा और चेहरे को ऑयल फ्री रखेगा। स्किन के पोर्स भी बंद होंगे।
- शहद और दही में कुछ बूंदें रेड वाइन की मिलाएं। इसे फेस पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पाने से धो लें। यह स्किन को सॉफ्ट बनाएगा और उसे पूरी तरह मॉयश्चराइज भी करेगा। इससे टैनिंग दूर होगी।
- गुनगुने दूध में थोड़ा सा चोकर कुछ देर के लिए भिगो दें। अब नहाने से पहले चेहरे, गर्दन और पीठ पर इसे लगाएं। सूखने पर साफ पानी से धो लें। ऐसा रेग्युलर करने से कॉम्प्लेक्शन निखरेगा।
- ताजे-कच्चे एवोकैडो के पल्प में एलोवेरा जैल मिलाकर पैक बनाएं। चेहरे पर इसे लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। एवोकैडो में कई विटामिंस, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। इससे स्किन के एजिंग साइन भी दूर होते हैं।





- मुल्तानी मिट्टी में कई मिनरल होते हैं। इसका मास्क लगाने से स्किन के ऑयल ग्लैंड्स कंट्रोल होते हैं। इससे चेहरा ड्राय और डल नहीं दिखता।
- अगर आपकी स्किन ऑयली है तो 1 बड़ा चम्मच मूंग दाल को पानी में कुछ देर भिगोकर रखें फिर उसका पेस्ट बना लें। इसमें मैश किया हुआ टमाटर मिलाएं। चेहरे पर लगाकर इसे हल्के हाथ से चेहरे की मसाज करें। 20 मिनट के बाद चेहरा धो लें।
- खीरे और पके पपीते को मैश कर इसमें दही मिलाएं। अब इसमें नीबू का रस डालें। इस पेस्ट को लगाकर आधे घंटे बाद चेहरा धो लें।
- ड्राई स्किन के लिए रेड वाइन, एलोवेरा जैल और मिल्क पावडर से तैयार पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगा कर रखें। फिर पानी से साफ कर लें। इससे चेहरा खिल उठेगा।

# स्ट्रेच मार्क्स: अपनाएं ये घरेलू उपाय



हेल्थ एडवाइस / अंजू जैन

शरीर का वजन अचानक बढ़ने या घटने से स्किन पर स्ट्रेच मार्क्स हो जाना एक सामान्य समस्या है। महिलाओं में प्रेगनेंसी के कारण पेट, पैर और कूल्हों की चर्बी अचानक बढ़ या घट जाती है, तब भी यह समस्या देखने को मिलती है। ऐसे में आप कुछ घरेलू उपाय आजमाकर इससे निजात पा सकती हैं-

- स्किन का लचीलापन बरकरार रखने और उसे भीतर से हाइड्रेशन देने के लिए रोजाना पानी समुचित मात्रा में पिएं।
- स्किन को हमेशा हाइड्रेटेड और मॉयश्चराइज्ड रखें। इससे स्किन स्मूद होती है और इसकी टोनिंग हो जाती है। पेट, लोवर बैक, जांघों, पैरों और कूल्हों की चर्बी पर भी मॉयश्चराइजिंग क्रीम या लोशन लगाएं। इससे लाभ होगा।
- हायल्यूरोनिक एसिड जैल, स्किन हाइड्रेशन के लिए बेहद उपयोगी है। इससे रोज मालिश करना फायदेमंद है।
- दिन में दो बार तेल (ऑलिव, आल्मंड, कैस्टर, कोकोनट जो आपको पसंद हो) की मालिश करना भी अच्छा उपाय है।
- एलोवेरा जैल को डेली स्किन पर लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स से राहत मिलती है।
- अंडा, प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। स्किन पर अंडे का सफेद भाग लगाने से भी स्ट्रेच मार्क्स कम होते हैं।
- कोको बटर या शिया बटर अच्छे स्किन मॉयश्चराइजर हैं। इनसे स्ट्रेच मार्क्स पर सर्कुलर मसाज करें तो अच्छा रिजल्ट मिलता है। कोको बटर लोशन को विटामिन ई ऑयल के साथ लगाकर रोज सुबह मालिश कर सकती हैं।
- इन उपायों के साथ ही न्यूट्रिशस फूड्स भी लें।



मैरिज फंक्शन को अगर छोड़ दें तो आमतौर पर लाइट मेकअप ही अच्छा लगता है। इसकी वजह है कि इसमें आपका नेचुरल लुक निखर उठता है। कैसे करें घर पर लाइट मेकअप, स्टेप बाई स्टेप जानिए।

# लाइट मेकअप से दें चेहरे को नेचुरल लुक



मेकअप / साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

चेहरे पर खूबसूरती तभी-झलकती है, जब आपका चेहरा नेचुरल नजर आ रहा हो। कहने का मतलब है, मेकअप ऐसा होना चाहिए कि पता भी नहीं चले कि आपने मेकअप कर रखा है। मेकअप के साथ आपका फेस ग्लोइंग और नेचुरल नजर आना चाहिए। यहां बताए जा रहे स्टेप्स को फॉलो कर आप घर पर ही लाइट मेकअप कर सकती हैं।

**फेस क्लीनिंग:** सबसे पहले फेस क्लीनिंग जरूरी है। चेहरे पर चमक लाने के लिए मेकअप करने के दो घंटे पहले एलोवेरा जैल लगा लें। इससे जब आप मेकअप करेंगी तो आपके मेकअप पर एक अलग सी चमक नजर आएगी। इसके बाद अपना चेहरा फेस वॉश से धो लें और फिर एक अच्छे मॉयश्चराइजर को फेस पर इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे की ड्राइनेस खत्म होगी और फेस स्किन को नमी मिलेगी। इस तरह आपका चेहरा मेकअप के लिए तैयार हो जाएगा।

**प्राइमर:** किसी भी प्रकार का मेकअप करने से पहले जरूरी होता है कि मॉयश्चराइजेशन के बाद प्राइमर लगाएं, जिससे चेहरे की त्वचा एक सार नजर आती है। इस तरह आपका बेस तैयार हो जाएगा। ऐसा करने से आपका मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहेगा। प्राइमर लगाने का एक और फायदा होता है कि इससे चेहरे पर पड़े दाग-धब्बे नजर नहीं आते हैं।

**फाउंडेशन:** जब आप प्राइमर को पूरे चेहरे पर लगा लेती हैं तो उसके बाद नंबर आता है फाउंडेशन लगाने का। फाउंडेशन को सही तरीके से लगाना जरूरी है, नहीं तो जगह-जगह पर पैच नजर आने लगता है। इसके लिए आप फाउंडेशन में कोई फेस क्रीम मिला लें, जिससे फाउंडेशन पूरे चेहरे पर अच्छी तरह से मिक्स होकर लग जाएगा। फाउंडेशन हमेशा अपनी स्किन से एक टोन लाइटर लेना चाहिए। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा फाउंडेशन अपने फेस पर नहीं लगाएं।

**ब्लशर-हाइलाइटर:** फाउंडेशन को लगाने के बाद आप ब्लशर का इस्तेमाल करें। इसे लगाने से पहले ध्यान रखें कि इसमें बहुत ही हल्के रंगों का इस्तेमाल होना चाहिए। जैसे कि पीच और पिंक कलर के ब्लशर लाइट मेकअप के लिए बेस्ट होते हैं। इनमें से आप जो भी कलर का चुनाव करें, उसमें ध्यान रखें कि गालों पर इन्हें ज्यादा मात्रा में नहीं लगाना है। इन्हें बिल्कुल लाइट सा आपको लगाना है। अगर आपका मन हाइलाइटर लगाने का है तो उसे भी आपको बिल्कुल लाइट शेड में ही लगाना चाहिए, इससे आपका लुक पूरी तरह नेचुरल नजर आएगा।



**लिपस्टिक:** मेकअप में सबसे ज्यादा अट्रैक्शन होता है लिपस्टिक का। लिपस्टिक को आप अपने हिसाब से चुन सकती हैं, क्योंकि अपनी स्किन टोन के हिसाब से आपको पता होगा कि आप पर किस कलर की लिपस्टिक जंचती है? लेकिन अगर आपको नेचुरल लुक चाहिए तो आप बहुत ज्यादा ब्राइट शेड के बजाय लाइट कलर लिपस्टिक का ही इस्तेमाल करें।

**प्रस्तुतिः मानसी**

## काजल-आइलाइनर

**फेस मेकअप** के बाद जब आप आंखों का मेकअप करती हैं तो उसमें सबसे ज्यादा जरूरी काजल होता है, क्योंकि उसके बिना आंखें सूनी नजर आती हैं। आप किसी ब्रांडेड कंपनी के काजल का ही इस्तेमाल करें। अगर आप आईलाइनर भी लगाना चाहती हैं तो आप उसे भी अप्लाई कर सकती हैं। लेकिन यह ध्यान रखें कि आप किस ऑकेजन के लिए इन्हें लगा रही है, क्योंकि दोनों लगाने पर ज्यादा हैवी लुक नजर आता है। इसलिए अगर आपको नेचुरल लुक चाहिए तो दोनों में से एक का ही इस्तेमाल करें।



लघुकथा / शीला श्रीवास्तव

# नई-नवेली दुल्हन



रितेश अपनी नई-नवेली दुल्हन के साथ गृह-प्रवेश के लिए द्वार पर खड़ा था। मालती जी अपनी अपशकुन की परछाई बहू-बेटे पर नहीं पड़ने देना चाहती थीं, इसलिए घर के प्रवेश-द्वार पर नहीं आईं।

दुल्हन ने जब नजर उठाकर इधर-उधर देखा तो उसको अपनी सास कहीं दिखाई नहीं दीं। उसने तुरंत अपने पति रितेश से पूछा, 'क्या मां जी हमारी शादी से खुश नहीं हैं, वह हमारा स्वागत नहीं करेंगी?' 'अरे नहीं.. नहीं बहू... तुम्हारी सास तो बहुत खुश हैं। तुम तो जानती ही हो बहू, तुम्हारी सास विधवा हैं। विधवा को शुभ कार्य में आना निषेध माना जाता है।' चाची सास बोलीं।

'यह क्या बात हुई? मां तो मां होती है, विधवा या सधवा नहीं। जब तक मां जी नहीं आएंगी, हम गृह-प्रवेश नहीं करेंगे।' बहू अपनी बात पर अडिग दिखी। रितेश जैसे नींद से जागा, वह भी बोला, 'हां तुम ठीक कह रही हो, जब तक मां नहीं आएंगी, हम दरवाजे पर ही खड़े रहेंगे।' कुछ औरतें तुरंत मालती जी को उनके कमरे से खींच लाईं। बहू की बात जब उनके कानों में पड़ी तो उनकी आंखों में आंसू छलक आए। घर के प्रवेश-द्वार पर आकर मालती जी ने अपने बहू-बेटे को गले लगाकर स्वागत किया। दोनों की आरती उतारी। वहां खड़े लोग भाव-विह्वल हो गए। नई बहू का आंचल आशीष से भर दिया। मालती जी को अपनी बहू पर गर्व हो रहा था। वह अपने आपको सौभाग्यशाली मान रही थीं कि उन्हें एक बड़ी सोच वाली रूढ़ियों को तोड़ने वाली बहू मिली है।

हेल्थ सजेशन

किरण भास्कर

यह सही है कि किसी महिला के लिए प्रेग्नेंसी का दौर बहुत सेंसिटिव होता है। लेकिन इस दौरान खुद की फिटनेस को मेंटेन करना भी जरूरी होता है। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप अपनी फिटनेस मेंटेन कर सकती हैं।

# प्रेग्नेंसी के दौरान ऐसे मेंटेन करें फिटनेस



डॉक्टर यह जरूर कहते हैं कि प्रेग्नेंसी के दौरान हर महिला को अपनी हेल्थ का ध्यान रखना चाहिए। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आप खूब खाएं और आराम करती रहें। इससे आपका वेट बढ़ जाएगा। इसलिए अगर कोई मेडिकल प्रॉब्लम ना हो तो महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान अपनी रोजमर्रा की गतिविधियां सामान्य तौर पर संपन्न करने के साथ हल्की एक्सरसाइज भी करते रहना चाहिए, क्योंकि प्रेग्नेंसी के दौरान फिट रहना जरूरी होता है। अगर आप फिट नहीं रहेंगी तो कई तरह की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। गर्भ में पल रहे शिशु का विकास भी प्रभावित हो सकता है।

**एक्सरसाइज ड्यूरेशन:** कई महिलाएं प्रेग्नेंसी के दौरान यह तय नहीं कर पातीं कि वे एक्सरसाइज कितनी देर तक करें? दरअसल, जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करना भी नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में अपने डॉक्टर से बात करें। मेडिकल एक्सपर्ट्स की मानें तो अलग-अलग स्टेज में गर्भवती महिला को अलग-अलग समय तक एक्सरसाइज करना चाहिए। छह महीने के बाद 15 मिनट पैदल चलने की एक्सरसाइज पर्याप्त है और यह वॉकिंग नियमित तौर पर करें, तो इसके ज्यादा फायदे हैं। छह महीने से पहले आमतौर पर डॉक्टर हर दिन 30 मिनट तक की एक्सरसाइज करने को कहते हैं। लेकिन प्रेग्नेंसी के दौरान बिना अपने डॉक्टर की सलाह के कोई एक्सरसाइज बिल्कुल नहीं करें।

**डाइट रखें सही:** फिट रहने के लिए जरूरी है कि प्रेग्नेंसी के दौरान अपनी डाइट भी सही रखें। सुबह के समय ऐसे फल, अंकुरित बीज और सब्जियां खाएं, जिनमें भरपूर मात्रा में आयरन, कैल्शियम और फाइबर मौजूद हो। आयरन गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाता है। कैल्शियम उनकी हड्डी को कमजोर होने से बचाता है और फाइबर पेट साफ रखने में मददगार होता है। वैसे खट्टे फल सेहत के लिए अच्छे होते हैं लेकिन गर्भवती होने के दौरान खट्टे फलों के सेवन से बचना चाहिए। अगर खाना ही है तो दोपहर के समय खाएं। आमतौर पर गर्भावस्था के दौरान महिला का वजन 10 से 15 किलो तक बढ़ जाता है। इसलिए भी स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जरूरत है, अगर आपको लग रहा हो कि तमाम अनुशासन के बाद भी आपका वजन बढ़ रहा है तो डॉक्टर और डायटीशियन दोनों से इस बारे में डिस्कशन करें। वो आपको सलाह देंगे।

**फिजियोथेरेपिस्ट की हेल्प लें:** अगर प्रेग्नेंसी के दौरान खुद से एक्सरसाइज नहीं करना चाहती हैं तो फिजियोथेरेपिस्ट की हेल्प ले सकती हैं। इस दौरान कमर की स्ट्रेचिंग जैसी एक्सरसाइज नियमित तौर पर करनी चाहिए। इसमें पैरों को एक साथ मिलाकर कमर के आगे की तरफ लाते हुए आसन पर बैठ जाएं और घुटनों को धीरे-धीरे जमीन से छुआने की कोशिश करें। कोई ऐसी एक्सरसाइज ना करें, जिससे पेट पर प्रेशर पड़े। बेहतर होगा कि इस दौरान जिम ना जाकर घर में ही हल्की एक्सरसाइज करें। इससे लाभ होगा।




अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।

हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-

E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

15- APR- COR- MAIN- Pg- 8 RANBHOOMI_Layout 1 4/15/2024 9:48 PM Page 1





हरिभूमि रण भूमि लोकसभा
सत्ता संग्राम-2024



## 19 अप्रैल, 26 अप्रैल व 7 मई को छत्तीसगढ़ में तीन चरण में होंगे चुनाव

# राजनांदगांव में भूपेश का खर्च संतोष से अधिक, कांकेर में भोजराज कांग्रेस से आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भूपेश बघेल



भोजराज नाग

राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी और सांसद संतोष पांडेय से हो रहा है। भूपेश बघेल पहली बार राजनांदगांव सीट से प्रत्याशी बनाए गए हैं, जबकि संतोष पांडेय 2019 में यहां से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं, लेकिन चुनाव में खर्च के पहले दौर में भूपेश बघेल ने संतोष के मुकाबले अधिक राशि खर्च की है। उधर कांकेर लोकसभा सीट से पहली बार चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग का मुकाबला कांग्रेस के वीरेश ठाकुर से हो रहा है। यहां भोजराज चुनावी खर्च के मामले में वीरेश ठाकुर से आगे हैं। राजनांदगांव लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने अपने निर्वाचन खर्च के ब्योरे में बताया है कि पहले दौर में 11 अप्रैल तक वे 9 लाख 27 हजार रूपयों से अधिक खर्च कर चुके हैं। इसमें वाहनों के ईंधन (पेट्रोल-डीजल) पर सबसे अधिक राशि लगी है। इसी तरह चुनाव प्रचार के लिए होर्डिंग्स और अखबारों में विज्ञापन पर भी राशि लगी है। इस चुनाव में श्री बघेल का मुकाबला संतोष पांडेय से होता दिख रहा है, लेकिन खर्च के मामले में वे भूपेश बघेल से पीछे हैं। निर्वाचन विभाग को दिए गए खर्च के हिसाब में उन्होंने बताया है कि अब तक मात्र 1 लाख 45 हजार 900 रूपए खर्च हुए हैं। यह रकम भी वाहन खर्च, चाय नाश्ता, नुक्कड सभा, और हेलीपैड आदि के लिए की गई है।

### कांकेर में भोजराज लगा रहे हैं अधिक रकम

*कांकेर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि इससे पहले वे अंतागढ़ विधानसभा सीट से एक उपचुनाव जीत चुके हैं। इस चुनाव में उन्हें जैसे ही प्रत्याशी बनाया गया वे चुनाव अभियान में जुट गए थे। उन्होंने अब तक 21 लाख, 95 हजार, 400 रुपए खर्च का हिसाब दिया है। श्री नाग के मुकाबले कांग्रेस ने वीरेश ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है। वे इसी सीट से दूसरी बार चुनाव मैदान में हैं। 2019 में भी वे कांकेर लोकसभा से प्रत्याशी थे, लेकिन वे करीब 6 हजार वोटों से चुनाव हार गए थे। इस बार कांकेर से प्रत्याशी तय करने के मामले में कांग्रेस को काफी माथापच्ची करनी पड़ी है। यही कारण है कि कांकेर से प्रत्याशी चयन देरी से हो पाया। लेकिन आखिरकार श्री ठाकुर पर ही पार्टी ने भरोसा जताया है। कांग्रेस प्रत्याशी श्री ठाकुर ने 11 अप्रैल की स्थिति में 3 लाख 12 हजार 710 रुपए खर्च का हिसाब दिया है।*

## रोचक नजारा...



**अंबिकापुर।** सोमवार को जिला निर्वाचन कार्यालय में लोगों को रोचक नजारा देखने मिला। यहां लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी दोनों आमने-सामने हो गए। कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री शशि सिंह ने भाजपा प्रत्याशी वरिष्ठ नेता चिंतामणि महाराज के चरण स्पर्श किए और आशीर्वाद मांगा। यह नजारा देखकर कांग्रेस भाजपा दोनों के कार्यकर्ताओं मुस्कुराते नजर आए।

## आमने/सामने

### भाजपा अपने संकल्प पत्र में वादा करने से बचती दिखी: दीपक बैज



*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा के संकल्प पत्र से ही भाजपा की निराशा और हताशा झलक रही है। भाजपा अब की बार 150 सीटों तक भी नहीं पहुंच पाएगी। भाजपा में साहस नहीं है कि वह 2014 और 2019 के समान जनता से वायदा कर सके। इसीलिये भाजपा अपने संकल्प पत्र में कोई वादा करते हुए नहीं दिखी है। वैसे भी भाजपा किस नैतिकता से वादा करेगी।*

### घोषणापत्र विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर केंद्रित: अमर अग्रवाल



*प्रदेश के पूर्व मंत्री और भाजपा के अमर अग्रवाल ने कहा, भाजपा ने अपने 'संकल्प पत्र' में ज्ञान को सबसे अधिक महत्व दिया है। भाजपा के इस ज्ञान में गरीब, युवा, अन्नदाता यानी (किसान) और नारी सशक्तीकरण शामिल है। भाजपा के घोषणा पत्र में विकसित भारत के लिए मोदी की गारंटी पर केंद्रित है। लोगों को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है, क्योंकि उन्होंने अपना हर वादा को पूरा किया है।*

## सीएए के खिलाफ आंदोलन के सामने भाजपा की अग्नि परीक्षा

# असम में बन गए हैं नए सियासी समीकरण, उलझे राजनीतिक दल

*लोकसभा चुनाव में असम की 14 लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में चुनाव होगा। राज्य में परिसीमन के तहत सभी लोकसभा क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निधारण होने के बाद पहली बार हो रहे इन लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस गठबंधन तथा अन्य दलों के सामने चुनावी रणनीति तैयार करने के लिए भी मशक्कत करने को मजबूर होना पड़ रहा है।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

सभी दल इस चुनावी महासंग्राम में अपनी नई रणनीतियों का ताना-बाना बुनकर अपनी सियासत की वैतरणी को पार लगाने की जुगत में हैं। भले ही भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन और कांग्रेसनीत इंडिया गठबंधन एक दूसरे के खिलाफ विभिन्न मुद्दों को लेकर वर्चस्व के लिए संघर्ष और दावे कर रहा हो, लेकिन राजनीतिक विशेषज्ञों को असम में लोकसभा चुनाव के इस बार चुनावी नतीजें चौंकाने वाले आने की उम्मीद है।

पिछले साल राज्य की लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के बाद भौगोलिक और राजनीतिक परिदृश्य बदलने के बाद पहली बार हो रहे लोकसभा चुनाव के सियासी समीकरण भी बदल गये हैं। यही कारण है कि राज्य में तमाम राजनीतक दलों को नई रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है। जहां विपक्षी दल को देश में लागू हो चुके नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ राज्य

### विपक्ष की चुनौती भी कम नहीं




में चल रहे आंदोलन से बहुत कुछ उम्मीद है। जहां तक भाजपा का सवाल है, उसे इस कानून से पहले से भी ज्यादा सियासी लाभ की आस लगी हुई है। लेकिन नागरिकता संशोधन कानून जैसे संवेदनशील मुद्दे के खिलाफ आंदोलन को विपक्ष जिस प्रकार हवा दे रहा है, उसका सामना करने की भी भाजपा के लिए कड़ी चुनौती होगी। हालांकि चुनाव नतीजों के बाद नए परिसीमन और सीएए का लाभ किस गठबंधन को मिलेगा।

### पहले चरण में दांव पर 35 प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा

असम में पहले चरण में पांच लोकसभा सीटों काजीरंगा, जोरहाट, डिब्रूगढ़, लखीमपुर और सोनितपुर पर 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में 35 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। काजीरंगा सीट पर सबसे अधिक 11 और डिब्रूगढ़ में सबसे कम 3 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में जिनकी प्रतिष्ठा दावं पर लगी है, उनमें केंद्रीय मंत्री केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा सांसद टोपोन गोगोई, प्रदान बरुआ व कामाख्या प्रसाद तासा और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई जैसे प्रत्याशी प्रमुख रुप से शामिल हैं। असम में हो रहे लोकसभा चुनाव में अपनी सियासी जमीन तैयार करने के लिए प्रमुख रुप से भाजपा, असम गण परिषद (एजीपी), यूपीपीएल, कांग्रेस एआईयूडीएफ, टीएमसी, असम जातीय परिषद, आम आदमी पार्टी (आप), रत्रिय उलेमा काउंसिल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया जैसे दल चुनाव मैदान मे हैं।

### जातीय समीकरण साधने की तैयारी

असम में जनगणना 2011 के अनुसार 3.11 करोड़ से अधिक की आबादी है, जिसमें 34.2 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। पिछले दो लोकसभा चुनाव की तर्ज पर इस बार भी राज्य में भाजपा असमिया राष्ट्रवाद को हिंदू राष्ट्रवाद में बदलने की रणनीति के तहत राज्य के हिंदू, बंगाली, बहिरागतों को अपना जनाधार बनाने की जुगत में है,क्योंकि इस वर्ग का मुस्लिमों से टकराव चलता आ रहा है। भाजपा के सहयोगी दल भी कुछ इसी तरह की चुनावी रणनीति के साथ चुनाव में है। दरअसल असम में भाजपा की ताकत सबसे पहले बराक घाटी में ही बनी, जहां मुस्लिम बहिरागतों की तादाद सबसे ज्यादा है। पिछड़ी जाति के हिंदुओं ने भी अब कांग्रेस से किनारा करना शुरु कर दिया है। जबकि कांग्रेस का वोटबैंक माने जाते रहे अनुसूचित जाति और आदिवासियों के छिटकने का कारण भी इस राज्य में कांग्रेस के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

#### असम में तीन चरणों में चुनाव

**चरण 1 (19 अप्रैल)**- काजीरंगा, सोनितपुर, लखीमपुर, डिब्रूगढ़, जोरहाट।
**चरण 2 (26अप्रैल)**- दरांग-उदलगुड़ी, दिफू, करीमगंज, सिलचर, नगांव।
**चरण 3(07 मई )**- कोकराझार, धुबरी, बारपेटा, गुवाहाटी।

## एक भाषा और एक नेता चाहते हैं भाजपा-आरएसएस : राहुल



**वायनाड में रोड शो के दौरान पीएम मोदी पर बरसे**

**वायनाड।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फिर केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। आज उन्होंने वायनाड में एक बड़ा रोड शो किया। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बीजेपी पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज के वक्त में मुख्य लड़ाई आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ है। बीजेपी के लोग, प्रधानमंत्री, कहते हैं कि एक राष्ट्र, एक लोग, एक भाषा, एक नेता उन्होंने कहा कि भाषा कोई ऐसी चीज नहीं है, जिसे किसी के ऊपर थोपा जाए। भाषा वह चीज है, जो कि व्यक्ति के अंदर से, व्यक्ति के हृदय से निकलती है। यह सोच लोगों का अपमान है कि भारत में केवल एक ही नेता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अंग्रेजों से आजादी सिर्फ आरएसएस की विचारधारा का औपनिवेश बनने के लिए नहीं मिली।

## 'खानदानी सीट पर इज्जत बचाना हो गया मुश्किल'



**केरल में पीएम मोदी का राहुल पर निशाना**

**पलक्कड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को केरल के पलक्कड़ में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े-हाथों लिया। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए कहा,"कांग्रेस के एक बड़े नेता को उत्तर प्रदेश में अपनी खानदानी (पारिवारिक) सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने केरल में अपना नया ठिकाना बना लिया है। पीएम मोदी ने आगे कहा, कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए उस संगठन से पॉलीटिकल बैकडोर से समझौता किया है, जिसे देश विरोधी गतिविधि के लिए बैन किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने कॉर्पोरिटव बैंक के पैसे लूटे हैं। उन लोगों ने इस बार में एक शब्द कहा है क्या। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कांग्रेस के युवराज केरल के लोगों से वोट तो मांगेगे लेकिन आपके हक में आपके मुद्दों पर एक शब्द भी नहीं बोलेंगे।

## 'संविधान बदलने वालों की आंखें निकाल लेंगे गरीब, दलित, पिछड़े'

*राजद चीफ लालू यादव ने पीएम मोदी पर साधा निशाना*



**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने पीएम मोदी और भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में काफी घबराहट है। ये लोग यह मानकर बैठे हैं कि वो (भाजपा) हार रहे हैं। जनता का मनोबल गिराने के लिए '400 पार' का नारा दे रहे हैं। लगातार इनकी पार्टी के नेता खुलेआम बोल रहे हैं कि हम (भाजपा) संविधान को बदल देंगे। यह संविधान डॉ. बीआर अंबेडकर ने बनाया है। जो भी इसे बदलने की कोशिश करेगा, देश के गरीब, दलित और पिछड़े उनकी आंखें निकाल लेगी।

### देश में लाना चाहते हैं तानाशाही

लालू प्रसाद ने कहा कि भाजपा को तल्ख लहजे में कहा कि खबरदार अगर इस तरह का साहस किया तो देश की जनता माफ नहीं करेगी। लालू ने कहा कि देश में अपना शासन लाना चाहते हैं। तानाशाही लाना चाहते हैं। संविधान बदलने का मतलब लोकतंत्र को बदलना है। लोकतंत्र बदलने का मतलब है कि यह लोग देश में जनतंत्र नहीं चाहते। लोकतंत्र खत्म करके देश में तानाशाही लाना चाहते हैं।

## भाजपा सरकार में किसान परेशान : मायावती



**पीलीभीत।** पीलीभीत के बीसलपुर में चीनी मिल के सामने मैदान में सोमवार को चुनावी सभा में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरह ही भाजपा ने भी केंद्र की सारी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। किसानों के हित का ध्यान रखा। पीलीभीत शाहजहांपुर में काफ़ी संख्या में किसान हैं। भाजपा सरकार में किसान परेशान हैं।

*नवादा की रैली में सीएम योगी का सीधा अटैक*

## 'लालूजी आबादी बढ़ाएं, मोदीजी आवास बढ़ा रहे'

**नवादा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार के नवादा में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निशाने पर राष्ट्रीय जनता दल रहा। उन्होंने कहा कि इस बात की गारंटी है कि दिल्ली से पैसा अब सीधे अकाउंट में आता है। विकास कार्यों को गिनाते हुए सीएम योगी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले 10 वर्ष में चार करोड़ गरीबों को मकान मिले हैं। अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और मकान बनाएंगे। ईश्वर लालू जी को स्वस्थ करें, वह आबादी बढ़ाएं और भाजपा आवास बनाने का कार्य करेगी।



*बिहार में 40 सीटों के लिए 7 चरण में होंगे लोकसभा चुनाव*

### सुरक्षित माहौल में ही विकास संभव

सीएम योगी ने आगे कहा कि सुरक्षित माहौल में ही विकास की परिकल्पना को बढ़ा सकते हैं। 2019 के पहले जम्मू-कश्मीर के अंदर शेष भारत का कोई नागरिक जमीन नहीं खरीद सकता था। धारा-370 जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग करती थी। पीएम मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए धारा-370 समाप्त किया।

## दुर्लभ मामला : महाराष्ट्र, तेलंगाना में 4 हजार लोगों के पास हैं दो-दो वोटर कार्ड

# 14 गांव वालों को दो बार वोट करने का विशेषाधिकार हासिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महाराष्ट्र और तेलंगाना की सीमा पर स्थित 14 गांवों के लगभग 4,000 मतदाता भारत के एकमात्र ऐसे वोटर्स ग्रुप हैं, जिन्हें 2024 के लोकसभा चुनावों में भी दो बार मतदान करने का "विशेषाधिकार" प्राप्त होगा – महाराष्ट्र में 19 अप्रैल को पहले चरण में चंद्रपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए और फिर 13 मई को चौथे चरण में तेलंगाना में आदिलाबाद निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान होगा। महाराष्ट्र और तेलंगाना के बीच दशकों पुराने सीमा विवाद के कारण, 6,000 से अधिक की कुल आबादी वाले इन 14 गांवों के लोगों को दोनों राज्यों से लाभ मिलता है। गावों में मराठी और तेलुगु दोनों स्कूल हैं। अस्पताल भी इसी तरह के हैं। दोनों राज्यों से संबंधित ग्राम पंचायत और सरपंच भी हैं।




### गांव वालों की चिंता

तेलंगाना की पार्टी बीआरएस के सदस्य और पारंडोली ग्राम पंचायत के सरपंच निंबादास पतंगे का कहना है, "अगर दो बार मतदान करना कानून के मुताबिक नहीं है, तो चुनाव आयोग से किसी एक निर्वाचन क्षेत्र की सूची से हमारा नाम हटाने के लिए कहें। हमें इससे कोई दिक्कत नहीं है। पारंडोली की अन्य सरपंच लीनाबाई बिराडे ने कहा कि दोनों राज्यों का लाभ तो ठीक है, लेकिन उनकी सबसे बड़ी शिकायत यह है कि वे अपनी जमीन अपने नाम पर दर्ज नहीं करा सकते। चूंकि भूमि को वन के रूप में नामित किया गया है, इसलिए इसे किसी के नाम पर पंजीकृत नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों की मांग है कि हमें हमारे नाम पर पट्टा दिया जाए।

### क्षेत्रीय विवाद है वजह

तेलंगाना में आदिलाबाद की केरामेरी तहसील और महाराष्ट्र में चंद्रपुर की जिवती तहसील में आने वाले 14 गांवों को लेकर क्षेत्रीय विवाद 1956 से है, जब आंध्र प्रदेश राज्य का गठन हुआ था। 14 गांव दो ग्राम पंचायतों – पारंडोली और अंतपुर – के अंतर्गत आते हैं, जो 30 किमी. से अधिक दूर हैं। ग्रामीणों के पास दो-दो मतदाता पहचान पत्र हैं, जिनमें उनके नाम दोनों राज्यों के निर्वाचन क्षेत्रों में सूचीबद्ध हैं। प्रत्येक ग्रामीण के पास दो राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज हैं – एक-एक महाराष्ट्र और तेलंगाना से, जो उन्हें दोनों राज्यों से सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है।

### दोनों सरकारों से मिलता फंड

वर्तमान में पारडोली और अंतपुर दोनों में दो ग्राम पंचायतों के लिए चुने गए दो सरपंच महाराष्ट्र और तेलंगाना के अलग-अलग दलों से हैं, जिसके कारण उन्हें विकास कार्यों को पूरा करने के लिए अपनी-अपनी सरकारों से दो अलग-अलग फंड भी मिलते हैं। पारंडोली की सरपंच लीनाबाई बिराडे (महाराष्ट्र में कांग्रेस की सदस्य) ने बताया, "हां, हम हर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में दोनों राज्यों में वोट देते रहे हैं। हमारे पास दोनों राज्य के अलग-अलग मतदाता पहचान पत्र हैं। यदि दोनों राज्यों में चुनाव की तारीख एक ही है, तो हम जिस भी राज्य में संभव हो, मतदान करते हैं।

### दोहरा मतदान गैरकानूनी

ग्रामीणों के दोहरे मतदान के मुद्दे पर, चंद्रपुर जिला कलेक्टर विनय गौड़ा सीजी ने कहा कि अतीत में, ये ग्रामीण दोनों पक्षों में मतदान कर चुके हैं। लेकिन, सिर्फ दो वोट ही नहीं, दो जगहों से दो मतदाता पहचान पत्र रखना भी गैरकानूनी है। इसलिए हम यह बात ग्रामीणों तक पहुंचा रहे हैं।"

15- APR- K&C- MAIN- Pg- 10 CLASSI-RAJDHANI_Layout 1 4/16/2024 12:07 AM Page 1



# दो महीने का राशन एक माह में, सप्लाई प्रभावित, दुकानों से चावल गायब

**रायपुर।** समर्थन मूल्य पर इस बार किसानों से धान की बंपर खरीदी हुई है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में चावल के भंडारण के लिए जगह की कमी पड़ गई है। इस कमी के कारण शासन के निर्देश पर राशनकार्ड धारकों को चालू महीने में अप्रैल व मई का एक साथ दो महीने का चावल वितरण किया जा रहा है। इसके अनुसार राशन दुकानों को चावल का आबंटन किया गया है।

इधर एक साथ दो महीने का चावल आबंटन करने के कारण राजधानी रायपुर की कई राशन दुकानों में पिछले सप्ताहभर से चावल की सप्लाई ही प्रभावित हो गई है। दुकानों में चावल नहीं पहुंचने के कारण हितग्राहियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें दो महीने का चावल मिलना तो दूर एक माह का भी नहीं मिल पा रहा है। जिला नागरिक आपूर्ति के अधिकारी ने चावल की सप्लाई प्रभावित होने की पुष्टि करते हुए इसके लिए ट्रांसपोर्ट एजेंसी को जिम्मेदार ठहराया है। एजेंसी समय पर चावल सप्लाई करने के लिए गाड़ियां उपलब्ध नहीं करा पा रही है, जिसके कारण चावल की सप्लाई करने में देर हो रही है। हरिभूमि को सूचना मिली कि रायपुर शहर के कई राशन दुकानों से चावल गायब है, जिसके कारण हितग्राहियों को दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इस सूचना के बाद हरिभूमि की टीम ने शहर के अलग-अलग इलाके में संचालित करीब आधा दर्जन राशन दुकानों में जाकर इसकी पड़ताल की।

## अप्रैल की सप्लाई पूर्ण किए बिना मई का जारी

इस मामले में राशन दुकानों से भी बातचीत की। उन्होंने बताया कि दो महीने का चावल एक साथ बांटने का आदेश दिया गया है। इसके तहत वे हितग्राहियों को चावल बांट भी रहे हैं, लेकिन चावल की सप्लाई ही नहीं हो पा रही है। इसके कारण हितग्राहियों को वापस भेज रहे हैं। दुकान संचालकों ने यह भी कहा कि मई का आबंटन जारी कर इसकी सप्लाई शुरू कर दी गई है, जबकि अप्रैल के लिए आबंटित चावल का करीब 40 प्रतिशत सप्लाई ही नहीं की गई है। ऐसे में हितग्राहियों को दो महीने का चावल कैसे बांटेंगे।

## प्याज की आवक कम, इसलिए इस गर्मी दाम थोड़ा ज्यादा

**रायपुर।** देशभर में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का असर छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में अन्य फसलों के साथ प्याज की फसलों पर भी पड़ा है, जिसके कारण गर्मी शुरू होने के बाद भी प्याज के दाम घट नहीं रहे हैं।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

# हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com
Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

Education INSTITUTIONS
SACHDEVA NEW P.T. COLLEGE
RAIPUR : 0771-4080090
BHILAI : 0788-2261687
FREE* CRASH COURSE
NEET/PAT JEE
EFFECTIVE STUDY MATERIAL
● BEST RESULTS
● BEST FACULTY
MEDIUM : ENG./HINDI
SUMMER/REGULAR COURSE
X-XI-XII
CBSE/CG BOARD

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-मेट्रोमोनी में टेलीकॉलिंग कार्य हेतु 18 से 35वर्ष की लड़कियां, महिलाएं चाहिए वेतन 5000, ट्रेनिंग पश्चात 20000 तक कमाने का अवसर,अनुभवी एवं फ्रेशर दोनों सम्पर्क करें- व्यापार विहार बिलासपुर 74703 28986 **(33748)**

**आवश्यकता है**-शॉप में कार्य हेतु मेहनती लड़का चाहिए योग्यता 12वीं समय सुबह 10 से रात 8.30 तक सम्पर्क करें- मोटवानी होटल एंड किचन वेयर्स नियर दीनदयाल गार्डन व्यापार विहार बिलासपुर 9329473657 **(33749)**

**आवश्यकता है**-कार चलाने हेतू ड्राइवर की आवश्यता है। एवं कपड़े की दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- लोकचंद एण्ड सन्स करबला रोड कश्यप कालोनी बिलासपुर 93002 66612 **(33745)**

**आवश्यकता है**-सेल्स कार्य के लिए पढ़े लिखे युवक की आवश्यकता है अनुभवी सेल्समैन को प्राथमिकता सम्पर्क करें- बजाज स्टोर्स, मदीना मस्जिद गली, गोल बाजार सिन्धी धर्मशाला के पास बिलासपुर **(33744)**

**आवश्यकता है**-घरेलू कार चलाने के लिए अनुभवी लाइसेन्सी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन 9000 मासिक, आधार कार्ड लाइसेंस सहित सम्पर्क करे- 79997 92898 **(33743)**

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने हेतु 2 लड़को (कर्मचारी) की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- श्रीईश ट्रेडर्स, सुरूची होटल के बगल में, पुराना बस स्टैण्ड के पास बिलासपुर 98267 44475, 9131112769 **(33747)**

**आवश्यकता है**-हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं 8/10/12वीं फेल लड़कों/ लड़कियों ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुडकर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह+ रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें- ऑफिस रायपुर 77720 111224 **(3919)**

**आवश्यकता है**-अकाउंटेंट की आवश्यकता है जिसे टैली/ बिजी चलाना आता हो सम्पर्क करें- संजय अपार्टमेंट, ICICI बैंक के सामने, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर 9179991222 **(379)**

**आवश्यकता है**-कापी, स्टेशनरी दुकान में कार्य हेतु मेहनती (हमाली) युवक एवं सेल्सगर्ल चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 12बजे से शाम 6बजे राधेश्याम स्टेशनरी मार्ट मेन रोड सरजू बगीचा तेलीपारा बिलासपुर **(33705)**

**आवश्यकता है**-रेडिमेड (मेन्स वियर) दुकान में काम करने के लिए हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शगुन मेन्स वियर सिम्स के सामने मेनरोड बिलासपुर **(33737)**

**आवश्यकता है**-ऑल छत्तीसगढ़ ऑफिस कार्य वेल्डर, कटर, फीटर हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, इलेक्ट्रीशियन, चपरासी, गार्ड, सुपरवाइजर, स्टोर कीपर न्यूतम योग्यता 5वीं वेतन 12000 से 40000 परमानेंट कंपनी हेतु सम्पर्क- सीपत 9111965184 **(33736)**

**आवश्यकता है**-2 लड़के की आवश्यकता है 1 टेली एवं शेयर मार्केट में कार्य का अनुभव हो) 2 आफिस कार्य के लिये सम्पर्क करें- बहतराई रोड 7089666594, 88010 39000 **(33738)**

**आवश्यकता है**-टैलीकॉलिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट, सैलरी 5000+ कमिशन+ बोनस+ विकली। काम सीखने के बाद कमाए 20000 से 30000 सम्पर्क करें- जूनीलाईन सदर बाजार सिम्स चौक बिलासपुर 74898 24791, 9343425005 **(33709)**

**आवश्यकता है**-घरेलु कार्य करने हेतु कम से कम 5वर्ष अनुभवी वाला परिवार पति पत्नी (जिनके बच्चे साथ में न रहते हो) या अकेले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8448107841, 93027 08416 **(3960)**

**आवश्यकता है**-इन्दौर (MP) में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं 12वीं स्नातक पास लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री, कोई शुल्क नहीं लगेगा सम्पर्क करें- 7389318055, 95757 12101 **(1362)**

**आवश्यकता है**-कार चलाने हेतु 1 अनुभवी, कुशल ड्राइवर एवं घर में कार्य करने के लिए 1 लडके की आवश्यकता है सम्पर्क करें-7999798815 **(33729)**

**आवश्यकता है**-स्टाफ की आवश्यकता है निजी LIC कार्यालय एवं फिल्ड में कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ध्रुव अग्रवाल सियाराम अपार्टमेंट, मुंगेली रोड, बिलासपुर 7987165126, 9424143077 **(33714)**

**Required**-Teachers Required A renowned private school at Lormi requires teachers for A. Maths 2post, B. English 3post Fluency in English is must. C. Librarian 1post (M Lib)D. Commerce 1post E. Sanskrit 1post Salary is no bar for deserving candidates. Contact- 62639 34034, 8349506457 **(33710)**

**आवश्यकता है**-डेयरी में गाय दोहने हेतु राऊत चाहिए उनकी फैमिली को भी यहां काम मिलेगा रहने हेतु बिजली, पानी, लेट्रिन बाथरूम सहित घर की सुविधा मिलेगी सम्पर्क करें- 9993891333 **(33716)**

**आवश्यकता है**-हॉस्पिटल में काम करने हेतु नर्सिंग स्टाफ मेडिकल स्टोर स्टाफ वार्ड ब्वॉय की आवश्यकता है सम्पर्क करें- महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 70000 81086, 7581898189 **(33699)**

**आवश्यकता है**-श्रीगणेश होम्स बिलासपुर में टेलीकालर 3पद, मार्केटिंग 10पद और साईड सुपरवाईजर 2पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- शिखर अपार्टमेन्ट रिंग रोड नं-2 सिद्ध मंगला चौक बिलासपुर 7415552666 **(33712)**

**आवश्यकता है**-थोक दवाई दुकान में काम करने हेतु लड़कियां चाहिए जो माल निकालने, पैकिंग एवं आर्डर बुकिंग कर सके वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शारदा मेड.एजे. मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(33726)**

**आवश्यकता है**-बिलासपुर शहर के प्रतिष्ठत संस्थान में कार्य करने के लिए सुरक्षागार्ड, हाउस किपिंग हमाली, लेबर की आवश्यता है। वेतन 8000 से 10000 तक सम्पर्क करें- 8839326096, 83051 70548 **(33730)**

**आवश्यकता है**-मार्केटिंग एवं साइट विजिट कार्य करने के लिए मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है सम्पर्क करें- क्लासिक प्लाई, गुम्बर पेट्रोल पम्प के पास, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर 98278 95236 **(1551)**

**आवश्यकता है**-X-Ray टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर (M/F) कार ड्राइवर, एम्बुलेन्स ड्राइवर चाहिए अनुभवी, अंग्रेजी जानकार को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- शाम 5-7, ओम डायग्नोस्टिक सेन्टर, रेडक्रास मेडिकल के सामने सिम्स रोड, बिलासपुर 8602000508 **(1557)**

**आवश्यकता है**-अनुभवी रिसेप्शनिस्ट/ हास्पिटल मैनेजमेन्ट, अनुभवी फार्मासिस्ट (मेडिकल स्टोर हेतु) ओटी टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टाफ, एक्सरे टेक्नीशियन चाहिए सम्पर्क करें- प्रभा हास्पिटल, महामाया चौक रतनपुर रोड लोधीपारा पुराना सरकंडा बिलासपुर 74709 46314 **(1556)**

**आवश्यकता है**-फर्निशिंग शोरूम में कार्य करने हेतु 150 लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार शोरूम में सम्पर्क अर्बन लिविंग, स्विमिंग पूल के सामने, मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 8109090000, 8319397645 **(33708)**

**आवश्यकता है**-यश बिग बाजार में काम करने के लिए कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है सम्पर्क करें- बजरंग चौक स्टेट बैंक के सामने, राजकिशोर नगर बिलासपुर 93003 29794, 9329941444 **(33704)**

**आवश्यकता है**-थोक दवा दुकान में काम किया हुआ कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, पैकिंग एवं ट्रांसपोर्ट के काम करने के लिये लड़को की आवश्यकता है। पता- मेलाराम हेमन्त कुमार मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(2310)**

**आवश्यकता है**-UTN Shop में मार्केटिंग कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 8000 से 12000 तक पता FS-16, प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, बिलासपुर 7999594790, 78060 07192 **(33690)**

**आवश्यकता है**-कम्प्यूटर ऑपरेटर (हिन्दी, इंग्लिश टाइपिंग, ऑनलाइन टेन्डर संबंधी कार्य का 2वर्ष अनुभवी) सुरक्षागार्ड, खाना बनाने वाली चाहिए। पता- एक्सपर्ट सिक्युरिटी सर्विस, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291, 8815151982 **(33546)**

**आवश्यकता है**-रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु हाईट 5फीट 6इंच, 4फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना, खाना फ्री वेतन 10000 से 15000 सम्पर्क करें- 8109070600, 7869230888 **(2628)**

**आवश्यकता है**-चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। सम्पर्क करें- 7469980000, 077140 75490 **(1189)**

**Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM**

**आवश्यकता है**-अनुभवी नाइट ड्यूटी गार्ड की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गोदाम भारत टेन्ट हाऊस लिंगियाडीह बिलासपुर 8001975775, 85169 86000 **(1555)**

**आवश्यकता है**- वेटर/ झाड़ पोछा सफाई कर्मचारी की तत्काल आवश्यकता है वेतन 8000 या योग्यता अनुसार ग्रामीणों को रहना खाना निःशुल्क। सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9406390898 **(33667)**

**आवश्यकता है**- आर्टिफिशयल ज्वेलरी शॉप में कार्य करने हेतु सेल्सगर्ल/ सेल्समेन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- संध्या ज्वेलरी एण्ड कास्मेटिक, पानी टंकी के पास श्रीराम क्लाथ मार्केट, अग्रसेन चौक बिलासपुर 9691083080, 79874 23847 **(33684)**

**आवश्यकता है**-रेडीमेड सलवार सूट, साड़ी शोरुम में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, फोल्डर, कम्प्यूटर आपरेटर (बिजी साफ्टवेयर) चाहिए। वेतन 5000 से 20000 सम्पर्क करें- प्रकाश डिजाइनर स्टूडियो, श्रीराम मार्केट, बिलासपुर 8319134866, 7869448240 **(33680)**

**आवश्यकता है**-चूड़ी दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़के और लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अम्बे ट्रेडर्स, सरजू बगीचा तेलीपारा बिलासपुर 07752 422680 **(33666)**

**Required**-We are looking for an experienced teacher for Editing & Writing work for pre primary & primary books. Work from Home also available. Interested applicants may contact at. Time: 11am to 1pm Navbodh Prakashan, 7, Samta Colony Near Bhimsen Bhawan, Raipur. Phone 07714200932 Email- hr@navbodh.com **(224)**

**आवश्यकता है**-इस नवरात्रि बिलासपुर की लीडिंग रियल एस्टेट कंपनी में शानदार भविष्य बनाएं लग्जरी ऑफिस +शानदार सपोर्ट सिस्टम +बेस्ट कमीशन+बेहतर रिवाड्र्स संपर्क करें-6262229444, 93992 75304 **(2664)**

**आवश्यकता है**-Sk बिल्डर्स में कार्य करने हेतु प्यून (चपरासी) की आवश्यकता है वेतन 6000/- इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें- मंगला चौक नियर बाय नारायणी हॉस्पिटल बिलासपुर 9893919239 **(2668)**

**आवश्यकता है**-फैक्ट्री हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 12000 से 19000 तक PF+ ESI+ Bonus+ रहना फ्री, मेस की सुविधा 8वीं से स्नातक वेतन प्रतिमाह 7तारीख को संपर्क करें- शिव सेक्युरिटी सर्विस, शॉप नं.-28, प्रथम तल कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रायपुर 07714036689, 8120957510, 97703 04037 **(1185)**

**आवश्यकता है**-बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर चाहिए। न्यूनतम अनुभव पांच वर्ष। वेतन 11000+ 100 रुपये भत्ता+ 100 रुपये नाईट। सम्पर्क करें- सक्षम टूर एण्ड ट्रेवल्स, बिलासपुर 9755440437 **(33694)**

**आवश्यकता है**-एरिया ऑफिसर, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड, वेतन 13500 से 20000 तक PF+ ESIC+ Room पता- फ्लाइंग ग्रुप सिक्योरिटी सर्विसेजअवधपुरी भाटागांव रायपुर 98261 33839, 9685671717, 9755784756 **(2669)**

**आवश्यकता है**-Reliance jio 5G कंपनी में पार्ट/ फुल टाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां, गृहणियां, स्टूडेंट कमाए 21500- 67500 महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whats app करें- 9279501139, 73194 76022 **(027/24-25)**

**आवश्यकता है**- बिलासपुर स्थित प्रतिष्ठित कम्पनी में स्कॉर्पियो तथा अन्य फोर व्हीलर चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है योग्यता 10वीं, 12वीं, ड्राइविंग लाइसेंस के साथ सम्पर्क करें- 9589000671 **(15930)**

## बेचना

**बेचना है**-नवरात्री पर्व पर विशेष छूट पर प्लाट बसन्ती विहार कॉलोनी नूतन चौक सरकण्डा बिलासपुर में बेचना है कृपया खरीददार ही सम्पर्क करें- 6263908006, 70005 89595 **(33740)**

**बेचना है**-दुकान क्र-12, अटल बाजार दीनदयाल कालोनी कर्नल स्कूल के पास मंगला बिलासपुर 10×12= 120 वर्गफुट, रोड फेसिंग, MIG-160 (KBT)हाऊसिंग बोर्ड मंगला बिलासपुर 30×40 =1162 वर्गफिट, गार्डन के सामने सम्पर्क 7000064727 **(33658)**

**बेचना है**-मैगनेटो मॉल में रोड 594 वर्गफुट, रायपुर मेन रोड 55×135, व्यापार विहार मेन रोड 22×80, 15×35 हाईकोर्ट छतौना मेन रोड 75×140, 25×50, कानन पेंडारी मेन रोड 100×150 सम्पर्क- 98278 96182, 9827955199 **(33718)**

**बेचना है**-कमर्शियल प्लॉट 3366 वर्गफुट शिव टॉकीज चौक के पास होटल, हॉस्पिटल, काम्प्लेक्स, कोचिंग के लिए उपयुक्त (50 हजार किराया आ रहा है) बेचना है सम्पर्क करें- 9039037540, 9300353688 **(1554)**

**बेचना है**-सिटी कोतवाली बिलासपुर के पास बहुउद्देशीय परिसर श्री राम प्लाजा में निर्मित दुकान नम्बर 33 निर्मित क्षेत्रफल 110 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 9827900732 **(1361)**

**बेचना है**-DPS स्कूल, बस स्टैण्ड बिलासपुर से 1.5km, GST Office से लगा। 80' चौड़ी घुरु अमेरी रोड पर नवनिर्मित वीनस अपार्टमेंट में सर्वसुविधायुक्त 2/3BHK फ्लैट्स सेल/रेंट पर उपलब्ध, सम्पर्क- 9340090620, 7898918151 **(33424)**

**बेचना है**-विनोबा नगर में टिप टॉप कंडीशन में फर्स्ट फ्लोर में सर्व सुविधा युक्त फ्लैट अति शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9827938236, 9131452265 **(33748)**

**बेचना है**-तिसरा में EWS कालोनी में वन बीएचके ग्राउंड फ्लोर का सर्व सुविधा युक्त मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9301575713 **(33742)**

**Sale**-Diverted Plot For Sale In Surya Vihar Lingiyadih Bilaspur Near Vasant Vihar Plot Area 40×60 =2400 sqft Contact- 7999125746, 82693 70147 **(33701)**

**बेचना है**-नवरात्रि ऑफर 8लाख में मंगला में T&C Rera प्लॉट, 26लाख में उस्लापुर में मकान, आसमा सिटी-1 सकरी रेडी मकान 34लाख में, 95% बैंक लोन सुविधा। सम्पर्क करे- 70002 97197, 9179434551 **(33605)**

**बेचना है**-गणेश वैली से लगे मां शारदा विहार कालोनी मोपका में 40×60 का सर्व सुविधा युक्त डाइवर्टेड प्लाट 30 फीट सीसी रोड पर बेचना है। ब्रोकर क्षमा। सम्पर्क करें- 7999323663, 79993 19004 **(33682)**

**बेचना है**-बिलासपुर मंगला धुरीपारा Govt इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास मेनरोड से आधा किमी की दूरी पर सर्वसुविधायुक्त 3बीएचके डुप्लेक्स मकान 26लाख में बेचना है प्लॉट साइज 25×50 सम्पर्क करें- 7415087900, 9329940681 **(2606)**

**बेचना है**-सकरी शहर के मध्य पक्की रोड से लगी हुई 12x18 की ग्राउंड फ्लोर में 2-दुकान, 12x18 की फर्स्ट फ्लोर में 2दुकान तथा 10x14 एवं 10x8.5 कुल 225 का खुला प्लॉट बटालियन चौक, नया बाजार के पास सकरी में बेचना है संपर्क करें- क्रांतिलाल साहू 9329646270 **(2667)**

**बेचना है**- उषा लता काम्प्लेक्स में किम्स हॉस्पिटल के सामने फर्स्ट फ्लोर फ्रंट साइड 650 फुट एवं नीचे दुकान नं.-3 साइज 200 फुट बेचना है सम्पर्क करें- 7582982000, 89649 80000 **(33706)**

**बेचना है**-बिलासपुर मंगला धुरी पारा मेन रोड से 100 मीटर पर आवासीय प्लॉट बेचना है मात्र 12.50 लाख में, प्लॉट साइज 25x50, संपर्क करें 7415087900 **(2662)**

## किराया

**किराया**-बलदीपारा चोरभट्टी गनियारी से 2km पहले बिलासपुर कोटा रोड में चालू कंडिशन में सर्वसुविधायुक्त 2.36 एकड़ का प्लाईएश प्लांट किराये पर देना है (किराया 20000 प्रतिमाह) सम्पर्क करें- 9584806612, 92292 24868 **(33728)**

**किराया**-वृन्दावन काम्पलेक्स छत्तीसगढ़ भवन के बगल में एक दुकान 290 वर्गफीट किराए पर देना है (आफिस उपयोग के लिए उपयुक्त है) सम्पर्क करें- 7089040727 **(33711)**

**किराया**-हाईकोर्ट रोड, एरेना मारुति शोरूम के सामने रॉयल एलिगेंस में A-26 मिनी बंगलो 5बीएचके किराए पर देना है मासिक किराया 15000 सम्पर्क करें-8120296111 **(33715)**

**किराया**-अल्का एवेन्यू उसलापुर स्थित सर्वसुविधा युक्त स्वतंत्र 2BHK मकान किराए से देना है। शासकीय/ अर्ध शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7999323663, 799931 9004 **(33681)**

## व्यापार

**व्यापार**-अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं 30000- 50000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल डिस्पोजल बनायें कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क- APS इंटर प्राईजेस रायपुर 86029 08677, 7477221345, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़ 7869755871 **(2586)** 7415070430 **(33725)**

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

## शैक्षणिक

**मेडिकल प्रवेश**-12वीं पास (बायो) विद्यार्थियों व जनरल प्रैक्टिशनल चिकित्सको के लिए छत्तीसगढ़ नर्सिंग एक्ट के तहत पंजीयन व छत्तीसगढ़ शासन में पंजीयन के लिए मान्यता प्राप्त कोर्स में प्रवेश प्रारंभ है संपर्क करें- संजीवनी कॉलेज ओम परिसर, आर्य नगर दुर्ग (छ.ग.) 07884 060006, 9893579048 **(6059)**

## ज्योतिष

**ज्योतिष**-नारायण शास्त्री फ्री सेवा घर बैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा लव मैरिज, रूठें मनाना, ग्रह कलेश, किया कराया, दवाई ना लगना, कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसी भी जड़ से खत्म) 7347259119 **(12599)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि मे प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये गये किसी भी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- शिवम एड एजेंसी एण्ड पब्लिसिटी:- मो.9993567380, 8770837744
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो.9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स एण्ड पब्लिसिटी:- मो.9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो.9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो.9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो.9826705603
- एड प्रयास:- मो.9826701269, 9926003943
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो.9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो.9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो.9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो.9826304304,9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो.9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो.9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

Medicare Specialists

हर्पिस रोग एक लाईलाज बीमारी
इस समय सभी उम्र के स्त्री पुरुषो में एक न्यूरोट्रापिक हर्पिस वायरस देखे जा रहे है, रोग अधिक बढ़ जाये तो यह शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा अपंग या सून्न कर देता है। इसे कोई साधारण गोली दवा मोबाइल इत्यादि देख कर डॉ. के बिना खुद ईलाज ना करें। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फून्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है। अतः खुन से हर्पिस रोग की जाँच कराये समझ मे ना आये तो तुरंत संपर्क करे। इसकी स्थायी चिकित्सा केवल रस रसायन मे ही है। अंग्रेजी दवा से यह ठीक नहीं हो सकता।
यौन समस्या :
इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रखें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग, । 9425555659, 9617789223, 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
■ शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
■ शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
■ लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
■ लिंग में टेढ़ापन
■ वीर्य में शुक्राणु की कमी
■ बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
■ पेशाब में धातु जाना
■ शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे
रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

15- APR- K&C- MAIN- Pg- 11 KHEL_Layout 1 4/16/2024 12:43 AM Page 1



# फोटो-वीडियो पोस्ट न करें खिलाड़ी, नहीं तो लगेगा नौ लाख का जुर्माना

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 6 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
319 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



यजुवेन्द्र चहल
11 विकेट
राजस्थान

### बाउंड्री मीटर

894 चौके
525 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सोशल मीडिया में फोटो-विडियो पोस्ट करने पर नाराज चल रहा है। आईपीएल टीमों, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स द्वारा यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो उन पर अब 9 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन अपने रोमांचक मुकाबलों के साथ आगे बढ़ रहा है। रविवार तक आईपीएल में 29 मैच हो चुके हैं। इस टूर्नामेंट के दौरान आईपीएल टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं। वो लगातार सोशल मीडिया पर मैच के दौरान के फोटो और वीडियो शेयर करते रहते हैं। बस यही बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और ब्रॉडकास्टर्स को पंसद नहीं आ रही है।

## बीसीसीआई का फरमान, ब्रॉडकास्टर्स के अधिकारों का हो रहा उल्लंघन टीमें, खिलाड़ी और कमेंटेटर्स पल-पल की जानकारी कर रहे पोस्ट



### ब्रॉडकास्टर्स को होता है नुकसान

*दरअसल, आईपीएल टीमों, खिलाड़ियों और कमेंटेटर्स का फोटो-वीडियो शेयर करना नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। इससे सबसे ज्यादा दिक्कत ब्रॉडकास्ट राइट्स होल्डर्स को ही हो रही है, क्योंकि अगर कोई भी ऐसा करता है तो ये नियम के खिलाफ है और इससे ब्रॉडकास्टर्स का नुकसान भी होता है। इसी के चलते बीसीसीआई ने एक ऐसा फरमान जारी किया है। दरअसल, हाल ही में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज ने कमेंट्री के दौरान एक फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर की थी। इस कमेंटेटर के 1 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। कुछ समय बाद ही बीसीसीआई के एक स्टाफ मेंबर ने उस फोटो को डिलीट करने का आदेश दे दिया।*



### स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास हैं राइट्स

*कमेंटेटर ने पोस्ट डिलीट करने से मना कर दिया। नियमों का हवाला देकर स्टाफ मेंबर ने बार-बार कमेंटेटर को फोटो डिलीट करने के लिए कहा। इसके बाद कहीं जाकर फोटो डिलीट किया गया। बता दें कि स्टार इंडिया और वायकॉम 18 के पास डिजिटल राइट्स हैं। ऐसे में सबकुछ इन्हीं का है।*

### टीम पर लगा जुर्माना

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने सभी को ये आदेश दे दिया है कि अगर कोई भी ये नियम तोड़ेगा तो उसे इसकी भरपाई करनी पड़ेगी। यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है, तो 9 लाख रुपए तक का जुर्माना भी लग सकता है। हाल ही में एक कमेंटेटर ने स्टेडियम से इंस्टाग्राम लाइव कर दिया था जिसपर मिलियन व्यूज आ चुके हैं। वहीं एक आईपीएल टीम पर लाइव मैच के दौरान वीडियो पोस्ट करने के लिए 9 लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है।

### फ्रेंचाइजी पर होगी कार्रवाई

बीसीसीआई अधिकारी ने बताया कि आईपीएल टीमों को मैच से फुटेज या वीडियो लेने और शेयर करने की अनुमति नहीं है, लेकिन मैच के दिन वो लिमिटेड फोटो डाल सकते हैं। ब्रॉडकास्टर्स ने आईपीएल अधिकारों के लिए बड़ी रकम चुकाई है। इसलिए कमेंटेटर मैच के दिन वीडियो या तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं कर सकते। वे लिमिटेड तरीके से ही तस्वीरें पोस्ट कर सकते हैं और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव मैच अपडेट दे सकते हैं। ऐसे में दोषी पाए जाने पर फ्रेंचाइजी पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### खबर संक्षेप



#### धोनी के खिलाफ करते हैं गेंदबाजी का अभ्यास

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने खुलासा किया है कि उनके गेंदबाज महेंद्र सिंह धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी करते हैं और ट्रेनिंग सत्र में उनके खिलाफ सफल रहने वाली रणनीतियां मैच के दौरान भी अच्छा काम करती हैं। धोनी सुपरकिंग्स की पारी की आखिरी चार गेंदों पर बल्लेबाजी के लिए आए और उन्होंने पहली तीन गेंदों पर छक्के लगाकर टीम को रविवार रात मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के आखिरी ओवर में 26 रन जुटाने में मदद की। उनकी चार गेंद में नाबाद 20 रन की पारी अंत में अंतर साबित हुई और मुंबई इंडियन्स को 20 रन से हराकर सुपरकिंग्स की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

#### जेहान ने फार्मूला ई में बनाया पहला अंक



**मिसानो।** भारत के जेहान दारुवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी।


#### हार्दिक की बेहद साधारण गेंदबाजी और कप्तानी



**मुंबई।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को मौजूदा आईपीएल में मुंबई इंडियंस की चौथी हार के बाद प्रमुख पूर्व खिलाड़ियों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अब तक 'बिलकुल साधारण गेंदबाजी और साधारण कप्तानी' के लिए उनकी आलोचना की। मुंबई की कप्तानी संभालने के बाद से प्रशंसकों की हूटिंग का सामना कर रहे पंड्या को रविवार रात चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ टीम की 20 रन की हार के बाद गावस्कर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन की आलोचना झेलनी पड़ी।

## आईपीएल : सनराइजर्स ने टूर्नामेंट के इतिहास का रिकॉर्ड स्कोर 287 बनाया

# हाई स्कोरिंग मुकाबला : हैदराबाद 25 रन से जीता, रिकॉर्ड 549 का स्कोर, लगे 38 छक्के



ट्रेविस हेड
08 छक्के
09 चौके
41 गेंद पर 102 रन

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

ट्रेविस हेड के आक्रामक शतक के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 25 रन से हरा दिया। हेड के पहले टी20 शतक के अलावा हेनरिच क्लासेन ने ताबड़तोड़ 67 रन बनाए जिसकी मदद से सनराइजर्स ने टूर्नामेंट के इतिहास का रिकॉर्ड स्कोर जड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाए। सनराइजर्स ने इसी सत्र में 27 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर रिकॉर्ड अपने नाम किया था और आज अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। जवाब में आरसीबी की टीम सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी। इस आईपीएल मैच में 40 ओवरों में 549 रन बने जो एक रिकॉर्ड है। मैच में 38 छक्के लगे जो एक अब का नया रिकॉड्र है। कप्तान फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक ने आरसीबी को चमत्कारिक जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। डु प्लेसी ने 28 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 62 रन बनाए जबकि कार्तिक ने 35 गेंद में 83 रन बना डाले जिसमें पांच चौके और सात छक्के शामिल थे। विराट कोहली ने 42 रन का योगदान दिया। आरसीबी के लिए यह सीजन अच्छा नहीं रहा है और टीम सात में से सिर्फ एक ही मैच जीत सकी है। आरसीबी की यह लगातार पांचवीं हार है। हैदराबाद ने इस सीजन अब तक छह मैचों में चार मैच जीते हैं, जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

### सबसे तेज शतक

| गेंद | खिलाड़ी | टीम | साल |
|---|---|---|---|
| 30 | क्रिस गेल | बेंगलोर | 2013 |
| 37 | युसूफ पठान | राजस्थान | 2010 |
| 38 | डेविड मिलर | पंजाब | 2013 |
| 39 | ट्रेविस हेड | बेंगलोर | 2024 |
| 42 | एडम गिलक्रिस्ट | बेंगलोर | 2008 |

### चौके-छक्कों की हुई बरसात

सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच खेले गए मुकाबले में कुल 81 बाउंड्री लगी। हैदराबाद और बेंगलुरु के बल्लेबाजों ने मिलकर 43 चौके जमाए, तो गेंद को 38 बार हवाई यात्रा पर छह रन के लिए भेजा। इससे पहले वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में 81 बाउंड्री लगी थीं।

### आरसीबी ने रचा इतिहास

भले ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम को हार का मुंह देखना पड़ा, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों ने धमाल मचाते हुए इतिहास रच डाला है। एक टी-20 क्रिकेट मैच में रनों का पीछा करते हुए 250 से ज्यादा रन बनाने वाली आरसीबी दुनिया की पहली टीम बन गई है।

### कार्तिक ने खेली धांसू पारी

दिनेश कार्तिक ने आरसीबी की ओर से आखिर तक लड़ाई लड़ी। कार्तिक ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों पर 83 रन की यादगार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान कार्तिक ने 5 चौके और सात छक्के जमाए। हालांकि, कार्तिक टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे।

### टी-20 में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर

सिर्फ आईपीएल ही नहीं, बल्कि सनराइजर्स हैदराबाद ने टी-20 क्रिकेट का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी खड़ा किया है। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 287 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए। एसआरएच ने अफगानिस्तान द्वारा साल 2019 में बनाए गए 278 के स्कोर को पीछे छोड़ दिया है। टी-20 में सबसे बड़ा स्कोर नेपाल टीम ने खड़ा किया है। साल 2023 में नेपाल ने 3 विकेट खोकर 314 रन बनाए थे।

### खास खबर

## सीन नदी के बजाय स्टेडियम में हो सकता है उद्घाटन समारोह



***पेरिस।*** *फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने सोमवार को कहा कि योजना के अनुसार सीन नदी पर होने वाले पेरिस ओलंपिक के उद्घाटन समारोह को सुरक्षा कारणों से राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डि फ्रांस' में कराया जा सकता है। पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक से पहले फ्रांस में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं क्योंकि इस दौरान लाखों दर्शकों के देश पहुंचने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में करीब 10,500 खिलाड़ियों को नावों में बिठाकर सीन नदी पर छह किलोमीटर दूर तक परेड कराई जाएगी और दर्शक किनारे से बैठकर उन्हें देखेंगे। लेकिन 26 जुलाई को होने वाले इस समारोह के लिए सुरक्षा के कई स्तरों की जरूरत होगी और अगर ऐसा होता है तो स्टेडियम के बाहर होने वाला यह पहला ओलंपिक उद्घाटन समारोह होगा। फ्रांस की मीडिया 'बीएफएम-टीवी' और 'आरएमसी' से बात करते हुए मैक्रों ने कहा, 'अगर हमें लगता है कि जोखिम होगा जो हमारे सुरक्षा विश्लेषकों के आकलन पर निर्भर करेगा तो हमारे पास 'बी' और 'सी' योजना भी है।'*

## बैंगनी रंग का होगा पेरिस ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

***पेरिस।*** *एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं। ट्रैक को कवर करने के लिए 'वल्केनाइज्ड रबर' के 1,000 से अधिक रोल का उपयोग किया जाएगा। इसमें लगभग एक महीने का समय लगेगा और कुल मिलाकर गोंद के 2,800 डब्बे लगेंगे। तीन साल पहले टोक्यो में लाल ट्रैक पर तीन विश्व और 12 ओलंपिक रिकॉर्ड बने थे। 'मोंडो' ने 1976 में मॉन्ट्रियल के बाद से हर ग्रीष्मकालीन खेलों का एथलेटिक ट्रैक तैयार किया है और कंपनी को पेरिस में और भी बेहतर ट्रैक बनाने की उम्मीद है।*

## बिलबाओ को विलारियल ने ला लिगा मैच में 1-1 से ड्रॉ पर रोका

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड



कोपा डेल रे विजेता एथलेटिक बिलबाओ को स्पेनिश फुटबॉल लीग में विलारियल ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। पिछले सप्ताहांत एथलेटिक ने मालोर्का को हराकर चार दशक में पहली कोपा डेल रे ट्रॉफी जीती। रविवार को विलारियल के खिलाफ मुकाबले के दौरान ट्रॉफी को दर्शकों के लिए सैन मेम्स स्टेडियम में रखा गया था। एथलेटिक को 66वें मिनट में ओइहान सांचे ने बढ़त दिलाई।

इससे लगभग 20 मिनट पहले सेंटियागो कोमेसाना को फाउल करने पर दूसरा लाल कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि जब लग रहा था कि एथलेटिक की टीम मैच जीत लेगी तब दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में डेनी पारेजो ने गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया। इस ड्रॉ से एथलेटिक की चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा है। टीम अभी चौथे स्थान पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक पीछे है जबकि सात मैच बचे हैं। एटलेटिको ने शनिवार को तीसरे स्थान पर चल रहे गिरोना को 3-1 से हराया था।

### भारतीय टीम स्पेशल ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए रवाना

***फरीदाबाद।*** *भारत के पुरुष और महिला खिलाड़ियों का 28 सदस्यीय मजबूत दल स्पेशल ओलंपिक दक्षिण एशिया यूनीफाइड सेवन-ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को ढाका रवाना हुआ। भारतीय दल में 22 खिलाड़ी और पांच कोच शामिल हैं जो आठ राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दल को सोमवार को विदाई दी गई। स्पेशल ओलंपिक भारत के खेल निदेशक हरप्रीत सिंह ने समारोह के दौरान कहा, 'हमें एसओबी की महिला टीम से कम से कम एक कदम की उम्मीद है। पुरुष टीम को हालांकि अपने कौशल में सुधार करना होगा। महत्वपूर्ण चीज यह है कि गोल नहीं होने दें लेकिन हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है।' स्पेशल ओलंपिक भारत बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों का राष्ट्रीय खेल महासंघ है जो खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।*

### एलेकना ने चक्का फेंक में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड...



**रेमोना।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया। इस रिकॉर्ड की हालांकि अभी पुष्टि होना बाकी है।

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश और प्रज्ञानानंदा के बीच मैच ड्रॉ

# गुजराती ने फिर दूसरे वरीय नाकामूरा को हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो



भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला।

रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है। नेपोमनियाची और गुकेश संभावित नौ में से 5.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा पांच अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामूरा, गुजराती और कारुआना 4.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। अलीरेजा 3.5 अंक के साथ सातवें जबकि अबासोव तीन अंक के साथ आठवें स्थान पर हैं। पहले हाफ में नाकामूरा को हराने वाले विदित ने दूसरे हाफ में भी अपनी इस सफलता को दोहराया। गुकेश और प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला 41 चाल के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अलीरेजा के खिलाफ नेपोमनियाची मुश्किलों में घिरा होने के बावजूद वापसी करते हुए मुकाबला ड्रॉ कराने में सफल रहे। अबासोव ने भी सफेद मोहरों से खेलते हुए कारुआना को कोई मौका नहीं दिया और अंततः दोनों खिलाड़ी बाजी ड्रॉ कराने पर सहमत हो गए।

### वैशाली को मिली हार

महिला वर्ग में आर वैशाली की वापसी की उम्मीदों को झटका लगा जब उन्हें चीन की झोंगयी टैन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। चीन की इस खिलाड़ी ने संभावित नौ में से छह अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। रविवार को टैन और वैशाली की बाजी के अलावा अन्य किसी बाजी का नतीजा नहीं निकला। भारत की कोनेरू हंपी ने रूस की कैटरीना लेगनो के साथ अंक बांटे जबकि कल तक शीर्ष पर चल रहीं टिंगजी लेइ और बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा की बाजी भी ड्रॉ रही। यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना के साथ ड्रॉ खेला।

## '180 नॉटआउट' में रुख साझा करेंगे गंभीर, हरभजन, वाल्श

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और कर्टनी वॉल्श जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कुछ पूर्व दिग्गज खिलाड़ी हाल में जारी पॉडकास्ट सीरीज '180 नॉटआउट' में खेल की चुनौतियों, विवादों और भविष्य की संभावनाओं पर अपना रुख साझा करते नजर आएंगे। पॉडकास्ट में 60 से अधिक पूर्व क्रिकेटर और विशेषज्ञ शामिल हैं और पिछली दो शताब्दियों में क्रिकेट की यात्रा और विकास पर चर्चा करेंगे।

पंद्रह एपिसोड की इस श्रृंखला में गंभीर, हरभजन, वॉल्श, अफरीदी, क्रिस गेल जैसे खिलाड़ियों की अंतर्दृष्टि के साथ खिलाड़ियों पर खेल का प्रभाव, लीग, व्यावसायीकरण, कोचिंग, फिटनेस, विभिन्न प्रारूप और रिकॉर्ड सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है। श्रृंखला में तकनीकी प्रगति, विभिन्न लीग के उदय और खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा होगी।

MATS UNIVERSITY
NAAC Accredited University

Learning Which Makes You
ready for life.......

Join MATS,
Shape an Unrestrained Career!

- MANAGEMENT
- BUSINESS STUDIES
- LAW
- SCIENCE
- FASHION & INTERIOR DESIGNING
- PHYSICAL EDUCATION
- LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
- INFORMATION TECHNOLOGY
- ENGINEERING
- HUMANITIES
  HINDI/ENGLISH/PSYCHOLOGY/SOCIAL WORKS
- PHARMACY
- EDUCATION

matsuniversity.ac.in



100+ Programmes
150+ Corporate Alliances
80% Placement Average

Admission Opens for 2024-25 session | TOLL FREE : 1800-123-819999

ARANG, RAIPUR (C.G) | PANDRI, RAIPUR (C.G)

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com